


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 203 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 7 मई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास - खबर

### शहीद रुचिन सिंह का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव, बेटे को तिरंगे में लिपटा देख बिलख उठे परिजन

**चमोली ( एजेंसी )।** जम्मू के राजौरी कोटरंगा सब डिवीजन केसरी हिल क्षेत्र में शहीद हुए चमोली जिले के गैरसैंण ब्लॉक के कुनीगाड़ गांव निवासी रूचिन सिंह रावत का पार्थिव शरीर सुबह 10.30 बजे गांव में पहुंच गया है। तिरंगे में लिपटे शहीद के पार्थिव शरीर को देखकर दादा-दादी, माता-पिता, पत्नी, भाई सहित वहां पहुंचे लोग बिलख उठे।

परिजन शहीद के पार्थिव शरीर पर लिपट गए। सेना के जवान शहीद के पार्थिव शरीर को लेकर गांव पहुंचे। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अवतार नेगी ने बताया कि शहीद के अंतिम दर्शनों के लिए क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल सहित गांव में करीब 500 से अधिक लोग पहुंचे हैं। रूचिन का उनके पैतृक महादेव घाट पर सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया है। इस दौरान हजारों लोगों ने शहीद को विदाई देकर उनको नमन किया।

### कोविड के 2,380 नए मामले दर्ज, स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, सक्रिय मामलों में आई गिरावट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को आंकड़े जारी किए जिसमें रविवार को 2,380 नए कोविड-19 के मामले दर्ज किए गए। सक्रिय मामलों की संख्या एक दिन पहले 30,041 से घटकर 27,212 हो गई।

ताजा मामलों के साथ कोविड-19 की टैली बढ़कर अब 4.49 करोड़ हो गई। सुबह आठ बजे अपडेट किए आंकड़ों में 15 लोगों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,31,659 हो गई। देश में अब कोरोना के 27 हजार 212 सक्रिय केस हैं, जो कि कुल मामलों का 0.06 फीसदी है।

मंत्रालय की तरफसे राष्ट्रीय रिकवरी रेट 98.75 प्रतिशत दर्ज की गई। संक्रमण से उभरने वालों की संख्या 4,44,10,738 हो गई, वहीं मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत पर ही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अबतक देशभर में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत कोविड-19 की 220.66 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

### पीसीबी चीफ ने रखी शर्त, कहा- बीसीसीआई चैंपियंस ट्रॉफी में पाक आने की गारंटी दे तो हम विश्व कप में भारत जाएंगे

**कराची ( एजेंसी )।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी इस साल वनडे वर्ल्ड कप में अपनी टीम को भारत भेजने से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से इस बात की लिखित गारंटी चाहते है कि उनके देश में 2025 में होने वाले आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की भागीदारी होगी।

इस साल पांच अक्तूबर से होने वाले विश्व कप के लिए बीसीसीआई ने पाकिस्तान के मैचों के लिए अहमदाबाद (भारत के खिलाफमैच), चेन्नई, बंगलूरु और कोलकाता को संभावित मेजबान स्थल के रूप में चुना है। जय शाह की अध्यक्षता में एसीसी (एशियाई क्रिकेट परिषद) ने आगामी एशिया कप के लिए प्रस्तावित 'हाइब्रिड मॉडल' की पुष्टि नहीं की। 'हाइब्रिड मॉडल' में भारत अपने मैच यूएई में खेलेगा, जबकि अन्य मुकाबलों की मेजबानी पाकिस्तान करेगा।

# प्रधानमंत्री बन चुके हैं प्रचारमंत्री', पीएम नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस ने कसा तंज




**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री मोदी पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जोरदार हमला किया है। कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने पहुंचे सीएम बघेल ने बेंगलुरु में कहा कि प्रधानमंत्री आज प्रचारमंत्री बन चुके हैं, पूर्वोत्तर जल रहा है, हमारे जवान शहीद हो रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ नहीं बोल रहे। वे कर्नाटक के लोगों के हित में क्या करेंगे इसपर कोई चर्चा नहीं है, बस अपना प्रचार कर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा जवाब देने लायक व्यक्ति नहीं है, जो सत्ता के लिए दल बदले ऐसे व्यक्ति के बारे में बात कर मैं अपनी जुबान खराब नहीं करूंगा।

### हिमंता बिस्वा सरमा का कांग्रेस पर प्रहार

इधर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलुरु में कहा कि कर्नाटक में राहुल गांधी लोगों को गारंटी दे रहे हैं, मेरा सवाल है कि राहुल गांधी की गारंटी कौन लेगा। सोनिया गांधी पिछले 20 साल से अकेले राहुल गांधी को खड़ा करने की लड़ाई लड़ रही हैं, अब यह व्यक्ति (राहुल गांधी) कैसे आकर कर्नाटक के लोगों को गारंटी दे सकता है? उन्होंने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि जब पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया गया तो कई दलों ने इसकी निंदा की लेकिन कांग्रेस अपने धर्मनिरपेक्षता के चलते निंदा नहीं कर पायी तो उन्होंने इसकी बजरंग दल से बराबरी की। कर्नाटक में जब सिद्धारमैया की सरकार थी तब उन्होंने पीएफआई के खिलाफ मामले वापस लिए और उन्हें जेल से रिहा किया।

### भाजपा की ओर से जनता लड़ रही चुनाव-पीएम मोदी

आपको बता दें कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेंगलुरू में 10 किलोमीटर लंबा रोड शो कर रहे हैं, जिसमें पीएम मोदी को आपार जनसमर्थन मिल रहा है। इससे पहले शनिवार को भी उन्होंने रोड शो किया था। रोड शो के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बेंगलुरु में रोड शो के दौरान उन्हें जो अपार जनसमर्थन मिला है, उसने उन्हें विश्वास दिलाया है कि कर्नाटक में 2023 का विधानसभा चुनाव भाजपा की ओर से लोग लड़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में उन्होंने जो प्रेम और जुड़ाव देखा, वह अतुलनीय है।

### आवाज बुलंद करे जनता - सोनिया गांधी

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने हुबली में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने राज्य के लोगों का आह्वान किया कि भाजपा सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करना सबका फर्ज है।



कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि अब इस राज्य के दिन बदलने में देर नहीं है। जनता 10 मई को बता देगी कि वह किस मिट्टी की बनी है। भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि नफरत फैलाना जिनका काम है, उन्हीं के खिलाफ यह यात्रा हुई थी। उन्होंने दावा किया कि इस यात्रा से भाजपा को इतनी घबराहट हुई कि वह हर तरह के दमन पर उतारू हो गयी है। सोनिया ने लंबे समय बाद किसी चुनावी सभा को संबोधित किया है।

# चुनाव से पहले अमित जोगी को बड़ा झटका, प्रदेश सचिव समेत 500 लोगों ने छोड़ी पार्टी




श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के बिलासपुर जिले के विभिन्न विंग के अध्यक्ष, पदाधिकारियों सहित लगभग 500 से अधिक कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पार्टी से सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि स्वर्गीय अजीत जोगी के देहांत के बाद पार्टी की विचारधारा और क्रियाकलाप ठप सी पड़ गई है। जिसके कारण तमाम पार्टी पदाधिकारियो ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है।

दरअसल, स्वर्गीय अजीत जोगी ने 26 जून 2016 को कांग्रेस से अलग छत्तीसगढ़ जनता जे पार्टी का गठन किया था। प्रदेश की अस्मिता और छत्तीसगढ़ियों के सम्मान के लिए बनाई गई इस पार्टी में उनके सहित हजारों लोगों ने सदस्यता ली थी। जब तक वह जीवित रहे पार्टी लगातार बढ़ती गई मगर उनके निधन के बाद पार्टी में नेतृत्व क्षमता की कमी के चलते एक-एक कर छोटे बड़े सभी पदाधिकारी पार्टी छोड़कर जिम्मेदारियों से मुक्त होते जा रहे हैं।

प्रदेश सचिव लोकसभा प्रभारी करण मधुकर ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की निष्क्रियता और पार्टी की बेहतरी के लिए किसी तरह का कार्यक्रम ना बनाना, नेतृत्व क्षमता का संकट होने के कारण उन्होंने अपने राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए इस तरह का कदम उठाया है। प्रदेश सचिव करण मधुकर बॉबी राज जिला शहर अध्यक्ष, गुड्डा कश्यप उपाध्यक्ष जिला ग्रामीण, मनीष बबलू जॉर्ज प्रदेश संगठन मंत्री अल्पसंख्यक विभाग, ललिता भारद्वाज महिला जिला अध्यक्ष समेत 500 से अधिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी की गतिविधियों से हताश होकर अपना इस्तीफा पार्टी सुप्रीमो अमित जोगी को सौंपा है।

## नक्सल अभियानः पुलिस को मिली सफलता, हत्या और विस्फोट की घटनाओं में शामिल दो नक्सली गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत शनिवार को सुरक्षाबल के जवानों ने बड़े तुंगाली से दो माओवादियों को गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए माओवादी हत्या और विस्फोट की वारदात में शामिल थे।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को जांगला थाना से जिलाबल, डीआरजी व सीआरपीएफ 222 बटालियन की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान पर बड़े तुंगाली की ओर निकली हुई थी। अभियान के दौरान जन मिलिशिया सदस्य गांधी लेकाम पिता सोमलू उम्र 19 निवासी बड़े तुंगाली व जन मिलिशिया सदस्य मोटू लेकाम पिता सोमलू उम्र 21 निवासी बड़े तुंगाली को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक माओवादी गांधी लेकाम 17 अप्रैल को बड़े तुंगाली नाला के पास सुरक्षा बल के जवानों पर बम विस्फोट करने की घटना में शामिल था। वही मोटू लेकाम 1 अक्टूबर 2020 को छोटे गोंगला व बरदेला में ग्रामीण की हत्या की घटना में शामिल था। पकड़े गए दोनों माओवादियों के विरुद्ध जांगला थाना में वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर बीजापुर न्यायलय पेश किया गया हैं।

## 15 करोड़ की नकद और 10 किलो सोना किया जब्त, आईटी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**बंगलूरू ( एजेंसी )।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई की है। राज्य में विभिन्न स्थानों पर छापे के दौरान आयकर विभाग ने 15.3 करोड़ रुपये की नकदी और 7.08 करोड़ रुपये का 10.14 किलोग्राम सोना जब्त किया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक में 10 मई को मतदान होना है। सीईओ के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, शिवाजीनगर से 4.77 करोड़ रुपये, राजराजेश्वरी नगर से 3.44 करोड़ रुपये, मल्लेश्वरम से 3.35 करोड़ रुपये, पुलकेशीनगर से 2.3 करोड़ रुपये, शांति नगर से 63 लाख रुपये और गांधी नगर से 55 लाख रुपये जब्त किए गए।

बयान के मुताबिक, आयकर विभाग के अधिकारियों ने हेब्बल, शांति नगर और गांधी नगर निर्वाचन क्षेत्रों से पांच करोड़ रुपये




मूल्य का 6.59 किलोग्राम सोना जब्त किया। इसके अलावा, रायचूर से 2.08 करोड़ रुपये का 3.55 किलोग्राम सोना और 30 लाख नकदी जब्त की गई। सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक विस चुनाव में उम्मीदवारों के लिए धन जुटाने वाले लोगों के खिलाफयह कार्रवाई की गई।

# विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा को लगा झटका, दीपक ने थामा कांग्रेस का दामन



**भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव इस साल के अंत तक होने हैं। इससे पहले सत्तारूढ़ भाजपा को जोरदार झटका लगा है। दरअसल, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी के पुत्र दीपक जोशी ने राजधानी भोपाल स्थित कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### दीपक जोशी ने लगाया ये आरोप

आपको बता दें कि इससे पहले दिन में भाजपा के एक अन्य पूर्व विधायक राधेलाल बघेल ने भी कमलनाथ की उपस्थिति में कांग्रेस का दामन थामा है। इस प्रकार से भाजपा के नेताओं का पार्टी का दामन छोड़ने की प्रक्रिया ने टेंशन बढ़ा दी है। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने आरोप लगाया कि जब उनकी पत्नी को कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण इंदौर के एक अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा तब उन्हें प्रशासनिक तंत्र की ओर से कोई मदद मुहैया नहीं करवाई गयी। इसके बाद उनकी पत्नी की मृत्यु हो गयी। पूर्व मंत्री दीपक जोशी के इस आरोप पर सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया अभी तक नहीं आयी है। उन्होंने भाजपा सरकार पर उनके दिवंगत पिता कैलाश जोशी की विरासत को नजरअंदाज करने का भी गंभीर आरोप लगाया है। अब देखना होगा कि इस आरोप का भाजपा क्या जवाब देती है और जोशी के कांग्रेस में शामिल होने का विधानसभा चुनाव पर क्या प्रभाव पड़ता है।

## महापंचायत में आज पहलवानों का शक्ति प्रदर्शन आंदोलन की रूप रेखा और रणनीति पर होगा फैसला

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे भारतीय कुश्ती संघ (WFI) के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर मंतर पर 14 दिनों से धरने पर बैठे पहलवानों को उम्मीद है कि रविवार को होने वाली खाप महापंचायत में उन्हें अपनी लड़ाई को लेकर बड़ा बल मिलेगा। धरने पर बैठीं विनेश फोगाट ने कहा कि समर्थकों से हमारा मनोबल बढ़ा है। हम यहां मौजूद लोगों के अलावा सारे देश का आभार प्रकट करते हैं, जो हमारा समर्थन कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि सफलता मिलेगी जिससे सच की जीत होगी।



रविवार को जंतर-मंतर पर सर्वखाप महापंचायत बुलाई गई है, जिसमें पहलवानों की इस लड़ाई में आगे की रणनीति पर फैसला होगा। इसके अलावा आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए 31 और नौ सदस्यीय दो समितियों का गठन किया गया है। इस महापंचायत में अहम फैसला हो सकता है। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर पहलवानों से धरना समाप्त करने की मांग कर चुके हैं। बजरंग कह चुके हैं कि अगर महापंचायत उन्हें धरना समाप्त करने को कहेगी, तो वे धरनास्थल से उठ जाएंगे।

चौबीसी सर्वखाप पंचायत के आह्वान पर शनिवार को हरियाणा के महम में हरियाणा की विभिन्न खाप पंचायतों की शनिवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महम चौबीसी के प्रधान मेहर सिंह नंबरदार ने की। प्रधान के कार्यालय में आयोजित बैठक में लगभग 65 खाप प्रतिनिधि सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। पंचायत में दिल्ली में धरनारत खिलाड़ियों का समर्थन करने का निर्णय लेते हुए रविवार को जंतर-मंतर पर पहुंचने का फैसला लिया गया।

### विनेश ने की शांति बनाए रखने की अपील

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश ने कहा कि रविवार को यहां काफी संख्या में समर्थक एकत्रित होंगे। खाप पंचायतें, किसान और मजदूर संगठन भी हमारे समर्थन के लिए आएंगे। ऐसे में हम सभी से अपील करते हैं कि शांति बनाए रखे। हमारी सफलता शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर निर्भर है। हमारी समर्थकों से यह भी गुजारिश है कि वे प्रशासन और पुलिस के साथ सहयोग करें। साथ ही पुलिस से भी आग्रह है कि हमारे समर्थकों को धरना स्थल पर आने से न रोकें।

## यहीं गच्चा खा जाते हैं शंकराचार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज




ज्योतिष पीठ के प्रमुख शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गौ-संरक्षण को लेकर किए जा रहे काम की सराहना की है। पर उन्हें इस बात का भी दु:ख है कि जब उन्होंने इस अनुकरणीय पहल की जानकारी अन्य राज्यों में गौभक्तों को दी तो उन्होंने कहा कि इसे दोहराएंगे तो यह छत्तीसगढ़ की नकल कहलाएगी। कितने महान हैं वो लोग, जो अच्छा काम केवल इसलिए नहीं करना चाहते कि उसे नकल समझा जा सकता है। यह सभी जानते हैं कि दो चार लोगों को पकड़ कर पीटने, जान से मार देने या ट्रक जला देने से गौहत्या पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता। गौवंश की सुरक्षा करनी है तो उसे इंसानों के लिए फायदेमंद बनाए रखना जरूरी है। वरना यहां तो लोग अपने ही बूढ़े अनुत्पादक माता-पिता को बोझ मानने लगते हैं। पर गाय-गोरू गोधन से शहरियों का क्या लेना देना? इसे लेकर सोशल मीडिया पर कौन पोस्ट डालेगा भला? इसलिए गाय की सेवा का मामला ठंडे बस्ते में ही ठीक है। इससे तो अच्छा है कि कुछ लोगों को पकड़ कर पीटो, खुद ही उसका वीडियो बनाओ और सोशल मीडिया पर छा जाओ। मीडिया में छा जाने की इस प्रवृत्ति से कोई भी नहीं बचा है। संभवत: इसीलिए शंकराचार्य ने एक बार फिर साईं बाबा पर टिप्पणी कर दी। उन्होंने दोहराया कि साईं बाबा न तो भगवान हैं और न ही संत। वे गुरू भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कवर्धा में आयोजित धर्मसंसद में इस बात को सिद्ध किया जा चुका है। वैसे इस टिप्पणी की कोई जरूरत नहीं थी। हालांकि, शंकराचार्य ने यह भी स्वीकार किया है कि कुछ लोग अगर साईं बाबा को भगवान या गुरू मानते हैं तो यह उनकी व्यक्तिगत श्रद्धा का मामला है। काश! कवर्धा जैसी कोई धर्म संसद इस दिशा में भी मंथन करती कि धर्म किस तरह समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है। क्या विशाल हिन्दू समाज भी ईसाइयों की तरह गरीबों और वंचितों की सेवा करने को तैयार है? शंकराचार्य भूल रहे हैं कि दूसरों की लकीर छोटी करके अपनी लकीर बड़ी नहीं की जा सकती। लकीर अपनी बड़ी करनी चाहिए। जो स्वयं परिवारों से कटे हुए हों, उन्हें क्या पता कि एक परिवार को चलाने के लिए लोगों को कैसे-कैसे हालातों से गुजरना पड़ता है। जरूरतें हैं तो मुसीबतें भी हैं। इनमें से प्रत्येक समस्या का हल लोगों के पास नहीं होता। तब जिसकी जिसमें आस्था वह वहां पहुंच ही जाता है। साईं बाबा के खिलाफटिप्पणी करना, देश के हिन्दू नेताओं का खास शगल हो गया है। आखिर वो चाहते क्या हैं? अगर साईं बाबा को मानने वालों ने भी हिन्दुत्व या सनातन की खिलाफत शुरू कर दी तो क्या होगा? उन्हें उन परिवारों से सबक लेना चाहिए, जहां माता-पिता अपने बच्चों के प्रेम को स्वीकार नहीं कर पाते, ताना मारते हैं, सख्ती करते हैं। ऐसे घरों में अंतत: रोना-पीटना मच ही जाता है।



## संपादकीय

# गर्मी में सर्दी

मई की शुरुआत में जब पूरा देश लू की चपेट में होता है उस समय जब लोगों को गरम कपड़ों की जरूरत महसूस होने लगे तो समझ लेना चाहिए कि ग्लोबल वार्मिंग के संकट ने दरवाजे पर दस्तक दे दी है। कहने को यह मौसम पश्चिमी विक्षोभ की देन है लेकिन सवाल यह है कि समुद्र के मिजाज में यह परिवर्तन क्यों आ रहा है। बताया जा रहा है कि दस मई तक किसी भी इलाके में गरम लहरें नहीं महसूस होंगी। तमाम इलाकों में बारिश व ओलावृष्टि तथा पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हैरत में डाल रही है। कमोबेश देश के अधिकांश भागों में मौसम के मिजाज में यह तीव्र बदलाव महसूस किया गया है। दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में सुबह धुंध जैसी स्थिति नजर आई है। लोग भले ही इस मौसम को सुहावना बता रहे हों, लेकिन किसान अभी खेतों में खड़ी फसल को पूरी तरह काट नहीं पाये हैं। यदि अन्न बर्बाद होता है तो हमारी खाद्य शृंखला भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेगी। महंगाई की मार से हमें दो-चार होना पड़ेगा। यही वजह है कि किसान के माथे पर भी चिंता की लकीरें हैं। निस्संदेह, जब मई के महीने में फरवरी-मार्च के मौसम का अहसास होने लगे तो इसे खतरे की घंटी के तौर पर देखा जाना चाहिए। ये हाल उस मौसम में है जब देश के विभिन्न भागों में भीषण गर्मी पड़ती है और तापमान पचास डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचता है। इस समय सूर्य पूरे ताप के साथ नजर आता है। हालांकि, अप्रैल में कुछ समय भरपूर गर्मी रही लेकिन बाद में माह के अंत और मई की शुरुआत में तापमान अचानक बदल गया। यह स्थिति सिर्फ उत्तर भारत में ही हो, ऐसा भी नहीं है। इसका प्रभाव दक्षिणी, पश्चिम, मध्य व पूर्वी भारत में भी नजर आ रहा है। यहां तक कि कई इलाकों में तापमान में दस डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। मौसम के मिजाज में आये इस अप्रत्याशित बदलाव को देखकर लोग हैरत में हैं कि क्या वाकई ये मई का महीना है? क्या गर्मी आएगी भी? दरअसल, जिस समुद्री व्यवहार में बदलाव को इस मौसम की वजह बताया जा रहा है, उसके निकट भविष्य में फिर दोहराये जाने की बात भी कही जा रही है। कमोबेश भारत ही नहीं, पूरे यूरोप भी में मौसम की ऐसी तल्खी नजर आ रही है। तमाम यूरोपीय देशों में तापमान के रिकॉर्ड टूट रहे हैं। यह कटु सत्य है कि जब भारत में ठंड का अहसास हो रहा है तो पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। वहीं दक्षिण भारत में तेज बारिश से तापमान में गिरावट आई है। सभी राज्यों में मई में रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई है। पूर्वोत्तर भारत में ऐसी ही स्थिति है। भविष्य में कई राज्यों में तूफान व बारिश की भविष्यवाणी की जा रही है। कुछ लोग पाकिस्तान की तरफ से अरब सागर के जरिये उठने वाले वातावरणीय दबाव को बारिश व तूफान का कारण बता रहे हैं। जिसके चलते मौसम के रोज नये रिकॉर्ड बन रहे हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान में जुटे हैं कि किस वजह से इस साल फरवरी के महीने में अप्रत्याशित गर्मी पड़ी थी। बताते हैं कि पिछली पूरी सदी में भी पृथ्वी फरवरी में कभी इतनी गर्म नहीं रही। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस साल अभी नौ बार पश्चिमी विक्षोभ का असर नजर आयेगा। जिसकी वजह से बार-बार मौसम में बदलाव महसूस होंगे। आखिर क्या वजह है कि जब भारत में तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है तो यूरोप, कनाडा व उत्तरी एशिया में तापमान में लगातार वृद्धि महसूस की जा रही है। ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव देखिये कि एक समय में कहीं बाढ़ तो कहीं सूखे की स्थिति है। कहीं गर्मी में सर्दी का अहसास हो रहा है तो कहीं ठंडे इलाकों में लगातार गर्मी बढ़ रही है। सबसे बड़ा डर इस बात का है कि भारत में ग्लेशियरों पर पिघलने का खतरा बढ़ता जा रहा है। जिसका स्थायी प्रभाव भारतीय मौसम पर नजर आ सकता है।

> “ मौसम के मिजाज में आये इस अप्रत्याशित बदलाव को देखकर लोग हैरत में हैं कि क्या वाकई ये मई का महीना है? क्या गर्मी आएगी भी? दरअसल, जिस समुद्री व्यवहार में बदलाव को इस मौसम की वजह बताया जा रहा है, उसके निकट भविष्य में फिर दोहराये जाने की बात भी कही जा रही है। कमोबेश भारत ही नहीं, पूरे यूरोप भी में मौसम की ऐसी तल्खी नजर आ रही है। तमाम यूरोपीय देशों में तापमान के रिकॉर्ड टूट रहे हैं।

## चुनाव घोषणापत्र और राजनीति का स्तर

कर्नाटक में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, जहां प्रचार में नेताओं के भाषण से राजनीति का न्यूनतम स्तर तय हो रहा है। 'जहरीला सांप', 'विषकन्या', 'नालायक', 'दिल्ली का शाही परिवार', '40 फीसदी कमीशन की सरकार', '85 फीसदी कमीशन की सरकार', 'दिल्ली का एटीएम' जैसे विशेषणों के साथ देश और प्रदेश के बड़े नेता प्रचार कर रहे हैं। यह प्रचार दक्षिण भारत के एक राज्य में हो रहा है, जो विकसित है, समृद्ध है, शिक्षित है और जिसके आर्थिक-सामाजिक मॉडल को देश के दूसरे हिस्सों, खासकर उत्तर भारत में लागू करने की अक्सर बातें होती हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि राजनीति का स्तर सिर्फ नेताओं के भाषण से तय हो रहा है। दोनों राष्ट्रीय पार्टियों ने चुनाव के लिए जो घोषणापत्र जारी किया है वह भी भारतीय राजनीति के लगातार गिरते स्तर को दिखाता है। दोनों पार्टियों का घोषणापत्र तमाम श्रेष्ठतम राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक सिद्धांतों को वोट बैंक की राजनीति में तब्दील करता है।

भाजपा की घोषणाङ्क भारतीय जनता पार्टी ने एक मई को मजदूर दिवस के दिन अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें उसने राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने पर विचार के लिए कमेटी बनाने का वादा किया। राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर बनवाने और बाहरी या घुसपैठियों को बाहर निकालने का संकल्प जताया। मुस्लिम कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर पाबंदी के फैसले की याद दिलाई। चार फीसदी मुस्लिम आरक्षण खत्म करके उसे राज्य के दो शक्तिशाली समुदायों- लिंगायत और वोक्कालिगा में बराबर बांटने के फैसले का जिक्र किया। इसके अलावा पार्टी ने महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने, गरीब परिवारों को हर महीने 10 किलो अनाज और हर दिन आधा किलो 'नंदिनी' का दूध देने, गरीब परिवारों को हर साल रसोई गैस के तीन सिलिंडर मुफ्त देने, तीर्थाटन के लिए 25 हजार रुपए देने जैसी घोषणाएं की हैं। इसके अलावा भी कुछ अन्य घोषणाएं और वादे हैं, लेकिन उनका ज्यादा जिक्र नहीं हुआ है और उन पर वोट नहीं मांगा जा रहा है।

कांग्रेस की घोषणा- कांग्रेस ने दो मई को अपना घोषणापत्र जारी किया, जिसमें आरक्षण की सीमा 50 से बढ़ा कर 75 फीसदी करने का वादा किया गया। चार फीसदी मुस्लिम आरक्षण बहाल करने की घोषणा हुई। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के साथ साथ बजरंग दल का जिक्र करते हुए नफरत फैलाने वाले सभी संगठनों पर पाबंदी का वादा किया गया। इसके अलावा हर परिवार को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त में देने, ग्रेजुएट युवाओं को दो साल तक तीन हजार रुपया महीना देना, डिप्लोमा करने वाले युवाओं को डेढ़ हजार रुपया महीना देना, घर की महिला मुखिया को हर महीने दो हजार रुपए देने, महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने, गरीब परिवारों को उनकी पसंद का 10 किलो अनाज हर महीने मुफ्त देने जैसी घोषणाएं हुईं। घोषणापत्र में और भी कई बातें हैं लेकिन पार्टी मुख्यरूप से इन्हीं बातों पर वोट मांग रही है।

अगर कर्नाटक की आर्थिक-सामाजिक वास्तविकताओं को देखें तो दोनों पार्टियों के घोषणापत्र की मुख्य और बहुत ज्यादा प्रचारित वादों में से कोई भी वादा उनको एड्रेस नहीं करता है। राज्य के हालात और वहां के लोगों की जरूरतें और उम्मीदें बिल्कुल अलग हैं। कर्नाटक की बुनियादी समस्याओं को दूर करने और सामाजिक स्तर पर संरचनात्मक खामियों को दूर करने का कोई वादा किसी पार्टी के घोषणापत्र में नहीं किया गया है।

> “ कांग्रेस के लिए तमाम आघातों की आधारशिला भी उसी के साथ रख दी गई थी। हालांकि, इंदिरा गांधी की मुसीबतों का सिलसिला महीनों पहले शुरू हो चुका था। 5 दिसंबर, 1975 को मुंबई के जसलोक अस्पताल से इंदिरा गांधी को लिखा जयप्रकाश नारायण का यह खत इसका जीवंत आभास देता है- 'प्रिय प्रधानमंत्री, आपने विपक्ष पर देश के प्रधानमंत्री के पद की प्रतिष्ठा और गरिमा को कम करने का आरोप लगाया है।

# कर्नाटक से जो नदारद है

शशि शेखर



वाकया मार्च 1948 का है। सत्तारूढ़ कांग्रेस आजादी के बाद अपना पहला विभाजन देखने जा रही थी। समाजवादी सिद्धांतों के पुरोधा आचार्य नरेंद्र देव और उनके साथियों ने 'सोशलिस्ट पार्टी' के गठन का निर्णय किया था। इस मौके पर आचार्य नरेंद्र देव ने कहा था- 'हमने कांग्रेस से अलग होने का निर्णय किसी शत्रुता या निरर्थक विरोध की भावना से प्रेरित होकर नहीं किया है। हममें कटुता की भावना नहीं है। हमारे बहुत से सहयोगी और मित्र कांग्रेस में हैं और उनके साथ हमारे संबंध सदा मधुर रहेंगे।'

इस फैसले पर उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत की आंखें नम हो आई थीं और पुरुषोत्तम दास टंडन ने टिप्पणी की थी- 'राजनीति एक विचित्र चीज है। इसमें विभाजन की सदा आशंका बनी रहती है... जो लोग अलग हो रहे हैं, उनके आदर्श यदि केंद्रीय और प्रांतीय सरकारों से पृथक हैं, तब तो उनका पृथक होना उचित है, किंतु यदि शासन का भार संभालने के लिए वे ऐसा कर रहे हैं, तब भी हम उन्हें दोषी नहीं ठहरा सकते। सत्ता प्राप्ति की भावना एक स्वाभाविक भावना है।

अब आते हैं साल 1975 पर। इसी साल इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी। कांग्रेस के लिए तमाम आघातों की आधारशिला भी उसी के साथ रख दी गई थी। हालांकि, इंदिरा गांधी की मुसीबतों का सिलसिला महीनों पहले शुरू हो चुका था। 5 दिसंबर, 1975 को मुंबई के जसलोक अस्पताल से इंदिरा गांधी को लिखा जयप्रकाश नारायण का यह खत इसका जीवंत आभास देता है- 'प्रिय प्रधानमंत्री, आपने विपक्ष पर देश के प्रधानमंत्री के पद की प्रतिष्ठा और गरिमा को कम करने का आरोप लगाया है, लेकिन वास्तव में इस महान पद की प्रतिष्ठा को गिराने का काम आपसे अधिक किसी अन्य ने नहीं किया। क्या आप किसी लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री के बारे में यह कल्पना भी कर सकती हैं कि वह अपनी ही संसद में वोटिंग में भाग नहीं ले सकता, क्योंकि अदालत ने उसे चुनावों में कदाचार का दोषी करार दिया है?'

इसी पत्र में जेपी आगे लिखते हैं- 'क्या मेरी सलाह सुनेंगी? कृपया, उस बुनियाद को तहस-नहस न करें, जिसे राष्ट्रपिता के साथ-साथ आपके महान पिता ने रखा है। जिस मार्ग पर आप चल पड़ी हैं, उसमें संघर्ष और पीड़ा के सिवा कुछ भी नहीं है। आपको एक महान परंपरा, महान मूल्य और एक क्रियाशील लोकतंत्र विरासत में मिला है। इनको मलबे में तब्दील मत कीजिए। इन सबको फिर से खड़ा करने में काफी समय लगेगा। पर मुझे यकीन है कि ये खड़े जरूर होंगे।'

बताने की जरूरत नहीं कि सन् 1977 में इंदिरा गांधी ने जब आपातकाल हटाया और आम चुनाव हुए, तो जनादेश ने उन्हें समूचे तौर पर नकार दिया। इस पराभव की जड़ में जेपी थे, इसके बावजूद दोनों के बीच कटुता नहीं पनप सकी। बाद में एक दिन जयप्रकाश नारायण, इंदिरा गांधी से मिलने उनके सरकारी आवास पर गए। पिता का मित्र होने के नाते वह इंदिरा गांधी और उनके परिवार को लेकर चिंतित थे। इस मौके पर उनकी वत्सलता फूट पड़ी- 'इंदू, तुम अब पद पर नहीं रही, तो तुम्हारा घर खर्च कैसे चलेगा?' इंदिरा जी का जवाब था कि पापा की किताबों की जो रॉयल्टी मिलती है, उससे हमारा गुजारा हो जाएगा। जेपी ने उन्हें आश्वस्त किया था कि जनता पार्टी की सरकार उनके खिलाफ प्रतिशोध की भावना से कोई कार्रवाई नहीं करेगी। प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई और गृह मंत्री चौधरी चरण सिंह के समक्ष उन्होंने अपनी यह अपेक्षा भी व्यक्त की थी।

यह बात अलग है कि 'संपूर्ण क्रांति' के जनक की इस सदिच्छा को उनके ही शिष्यों ने ठुकरा दिया था। इंदिरा गांधी के खिलाफ जयंतीलाल छोटेलाल शाह की अगुवाई में जांच आयोग बैठाया गया। वह पहले दिन से इस आयोग को खुद को परेशान करने का जरिया बताने लगीं। आने वाले दिनों में उनकी गिरफ्तारी और रिहाई ने इसे जन-स्वीकृति दिला दी। राजनीति में इस स्तर पर प्रताड़ना और 'विक्टिम कार्ड' खेलने की त्रासद शुरुआत हुई। दोनों प्रवृत्तियों की प्रतिष्ठापना करने वाले परस्पर एक-दूसरे के विपक्षी थे और दोनों ही नहीं जानते थे कि वे ऐसी रवायत शुरू कर रहे हैं, जिसका शिकार वे, उनके पार्टीजन और सियासत में हाथ आजमाने की तमन्ना के साथ जन्मी अगली नस्लें होंगी। आज की राजनीति पर नजर डाल देखिए, दोनों प्रवृत्तियां एक साथ फलती-फूलती नजर आएंगी।

कर्नाटक का मौजूदा विधानसभा चुनाव इसका जीता जागता उदाहरण है।

पिछले दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी एक जनसभा में प्रधानमंत्री की तुलना जहरीले सांप से कर दी। खड़गे पुराने दौर के नेता हैं। भूल का एहसास होते ही उन्होंने बिना समय गंवाए स्पष्टीकरण दे दिया, पर प्रधानमंत्री और भाजपा को मौका मिल गया था। बात शायद और तूल न पकड़ती, यदि खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे ने बाद में प्रधानमंत्री के लिए अपशब्द का प्रयोग न किया होता। भाजपा इसे भी मुद्दा बना रही है। मुझे मालूम नहीं कि मतदाता इस विवाद से कितने प्रभावित होंगे, पर लोकतंत्र की गंगा अवश्य ऐसी करतूतों से प्रदूषित होती जाती है।

हम चुनाव-दर-चुनाव इस वैचारिक प्रदूषण को सहन करने के लिए अभिशप्त हैं।

किसने, किसको, कब, क्या कहा, मैं यहां इसकी तफसील नहीं देने जा रहा। इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनाव-दर-चुनाव पनपता यह सिलसिला खुद को संसार का सबसे पुराना लोकतंत्र बताने वाले देश के राजनेताओं को शोभा नहीं देता। हमारे राजनेताओं को यह अवश्य सोचना चाहिए कि जय-पराजय से ज्यादा जरूरी उन लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा है, जिन्हें पुरखों ने हमें सौंपा है।

यह बेवजह नहीं है कि चुनावों की घोषणा होते ही तटस्थ लोग कंपकंपाने लगते हैं। वे जानते हैं कि अगले कुछ दिन कीचड़ से महास्नान के हैं। एक शोध के अनुसार, 2024 के आम चुनाव में 17.5 करोड़ के करीब युवा वोटर मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वे किन मुद्दों पर वोट डालेंगे? क्या हर मतदाता राजनीतिक दलों के घोषणापत्र पढ़कर उनकी 'बैलेंस शीट' बनाता है? सब जानते हैं कि यह संभव नहीं है। ऐसे में, नेताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने काम का लेखा-जोखा लेकर जनता के समक्ष हाजिर हों, पर उनके काम, वायदों की तुलना में आधे भी नहीं होते। यही वजह है कि राजनीतिज्ञों की ज्यादातर जमात लोगों का ध्यान बांटने की कोशिश करती नजर आती है। ऐसा कर हम अपनी नई पीढ़ी को वास्तविक मुद्दों की जगह क्या भड़काऊ भावनाओं पर मतदान के लिए प्रेरित नहीं कर रहे?

इस पनपते प्रचलन को रुकना चाहिए, पर रोकेगा कौन? सियासत के हम्माम में सब एक जैसे हैं।

# मौत के साये में जिंदगी का मकसद तलाशती माईन

माईन अल-ओबैदी, मानवाधिकार कार्यकर्ता



दुनिया के नक्शे पर एक मुल्क है यमन। करीब ढाई करोड़ की आबादी वाले इस पश्चिम एशियाई देश में गुरबत का क्या आलम है, इसे बस एक घटना से आप समझिए कि राजधानी साना में इसी रमजान में जकात (दान) के पैसे के लिए 80 से अधिक लोगों की जान चली गई। उन्हें कितनी रकम मिलनी थी? महज 740 रुपये। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि यहां के 80 लाख से अधिक लोगों को यह तक पता नहीं होता कि दिन में तो कहीं से मिल गया, रात में पेट कैसे भरा जाए? ऐसे मुल्क का गृहयुद्ध में फंस जाना कितना त्रासद है, यह माईन अल-ओबैदी से पूछिए, जो वहां शांति और मानवाधिकारों की बहाली में जुटी हैं।

आज से 42 साल पहले माईन जिस शरब अस-सलाम जिले में पैदा हुईं, वहां बच्चियों की पढ़ाई-लिखाई पर कोई पाबंदी नहीं थी, मगर तब गांवों में स्कूल भी कहां हुआ करते थे? उस्ताद कभी किसी दरख्त के नीचे बच्चों को बिठा लिया करते, तो कभी किसी के रहमोकरम का अहाता उपलब्ध हो जाता। माईन ने ऐसे ही स्कूल में अपनी प्राइमरी की पढ़ाई मुकम्मल की। आगे की तालीम आसान न थी। मगर बेटी की जहानत देख खानदान साथ खड़ा हो गया।

माईन एक इंसाफपसंद खिदमतगार लड़की के रूप में बड़ी हुईं, और इंसाफ के किसी बड़े इदारे में पहुंचना उनका पहला और शायद आखिरी सपना था। मगर जब 1994 में साना में सत्तारूढ़ दो खेमों में टकराव गहराने लगा और देखते-देखते उत्तरी व दक्षिणी यमन के इलाके हिंसक झड़पों की तरफ बढ़ गए, तो वह बहुत मायूस हुईं, क्योंकि ऐसे माहौल में वह आगे कैसे पढ़ाई जारी रख पातीं? खानदान भी इसकी इजाजत नहीं देता। पर अंतरराष्ट्रीय दबावों और संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप ने माहौल को कुछ शांत कर दिया और माईन जैसों की उम्मीद टूटने से बच गई।

यमन के समाज में औरतों के साथ होने वाली ज्यादतियां माईन को खूब कचोटतीं। वह पीड़ित औरतों के लिए कुछ करना चाहती थीं, मगर एक रूढ़िवादी समाज और उपद्रवग्रस्त मुल्क में यह काम आसान नहीं था। वह आईन की मदद से ही उनके लिए कुछ राहत जुटा सकती थीं। मगर परेशानी की बात यह थी कि आस-पास कोई ऐसा संस्थान न था, जहां से वह कानून की पढ़ाई कर पातीं। ऐसे में, जब माईन को पता चला कि इलाके की ताइज यूनिवर्सिटी में ही लॉ फैकल्टी खुल रही है, तो उन्होंने ऊपर वाले का बार-बार शुक्रिया अदा किया। साल 2003 में पूरी यूनिवर्सिटी में पांचवें स्थान के साथ माईन ने कानून की डिग्री हासिल की।

जब हाथ में अख्तियार आया, तो वर्षों की साध पूरी करने की इच्छा बलवती हो उठी। माईन ने महिला कैदियों के मामलों को उठाना शुरू कर दिया। वह जानती थीं कि इनके लिए इंसाफ का दरवाजा वही खटखटा सकती हैं। मगर मर्दों के वर्चस्व वाले समाज में यह काम आसान नहीं था। कई मामलों में माईन को जान से मारने की धमकियां भी मिलीं। एक अराजक व्यवस्था में यह बहुत जोखिम वाला काम था, मगर माईन ने अपनी निगहबानी ऊपर वाले को सौंप दी थी। वह यमन महिला संघ की वकील की हैसियत से एक के बाद दूसरी महिला कैदी के लिए इंसाफ हासिल करती गईं।

जाहिर है, उनके हक में दुआ के हाथ उठने ही थे। वह अपने करियर में तरक्की करती गईं। साल 2010 में माईन को सिंडिकेट कौंसिल का सदस्य बनाया गया। इस मुकाम को हासिल करने वाली वह यमन की पहली महिला हैं। इंसाफ और इंसानी मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए 2011 की अरब क्रांति के दौरान ताइज शहर में हुई ज्यादतियों की जांच के लिए गठित समिति का उन्हें सदस्य बनाया गया। माईन ने पूरी ईमानदारी से इस काम को अंजाम दिया।

मगर 2015 में एक बार फिर गृहयुद्ध भड़क उठा। हर युद्ध की तरह इस घरेलू जंग का शिकार भी औरतों और बच्चों को ही सर्वाधिक बनना था। एक हवाई हमले में कई नन्हे बच्चों की मौत ने माईन को व्याकुल कर दिया। उनका खुद का घर फौजी इलाके में था। बढ़ती हिंसा के कारण परिवार को उनकी इकलौती छोटी बेटी को लेकर वहां से भागना पड़ा, मगर माईन ताइज शहर में ही रहीं। उन्होंने तमाशाई बनकर जीने से इनकार कर दिया। वह अपनी बेटी से मिलने पंद्रह दिनों पर गांव जाया करतीं और इस दौरान उन्हें काफी कष्ट उठाना पड़ता, क्योंकि विरोधी गुट जगह-जगह सड़कों को काट दिया करते थे, ताकि दुश्मन उन तक आसानी से न पहुंच सकें। उस दौरान माईन ने लोगों की आंखों में मौत के दो रूप को बेहद करीब से देखा- भूख से या जंग से!

अपने साथियों के साथ मिलकर वह युद्धरत खेमों और राजनीतिक दलों से संवाद करने में जुट गईं, ताकि सुलह का कोई रास्ता निकल सके और शहर में शांति कायम हो। उन्होंने कई अगवा लोगों को बागी समूहों के चंगुल से रिहा कराया। कई बार वह इसमें नाकाम भी हुईं, मगर उस सूरत में भी उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मारे गए लोगों के शव उनके परिजनों को मिलें, ताकि वे उन्हें इज्जत से रुखसत कर सकें। तब से माईन यमन में शांति-स्थापना के प्रयासों में मध्यस्थ के तौर पर सक्रिय हैं। बीबीसी ने उन्हें दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली महिलाओं में शुमार किया है।

माईन तालीमयाफ्ता थीं। वह चाहतीं, तो यमन से निकलकर अरब के किसी अन्य मुल्क में एक पुरसुकून जिंदगी जी सकती थीं। मगर उस जिंदगी का सफर भी एक दिन पूरा होना ही था, मगर तब शायद एक मलाल उनके साथ रहता कि जिस मिट्टी ने उन्हें सारी सिफत बख्शी, वह उसके काम न आ सकीं। आज उन्हें इस बात का इत्मीनान है कि वह अपने वतन के काम आ रही हैं। उनके काम ने उन्हें दुनिया भर में सुर्खरू कर दिया है। उन्होंने कोई बेमकसद जिंदगी नहीं जी है।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेसः एक बहुमूल्य रत्न!

पीयूष गोयल

गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीईएम) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली। इसके माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकारों, विभिन्न आधिकारिक एजेंसियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सहकारी समितियों ने किसी एक वित्तीय वर्ष में 50 लाख ऑनलाइन लेनदेन के जरिए दो लाख करोड़ रुपये (24 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद की। यह समावेशी विकास, पारदर्शिता, दक्षता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वचनबद्धता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है।

जीईएम सही अर्थों में एक रत्न है। इसने पुराने पड़ चुके आपूर्ति और निपटान महानिदेशालय (डीजीएसएंडडी) का स्थान लिया है। उचित रूप से, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नए कार्यालय भवन, वाणिज्य भवन, का निर्माण उस भूमि पर किया गया है जहां कभी डीजीएसएंडडी हुआ करता था। इस भवन के शिलान्यास समारोह में, प्रधानमंत्री मोदी ने सही ही कहा था: अब 100 साल से अधिक पुराने इस संगठन को बंद कर दिया गया है और इसके स्थान पर डिजिटल तकनीक पर आधारित एक नए निकाय - गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस-को लाया गया है। जीईएम ने सरकार द्वारा आवश्यक वस्तुओं की खरीद के तौर-तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। अगस्त 2016 में स्थापित होने के बाद से, जीईएम के कामकाज में असाधारण प्रगति हुई है। इस पोर्टल पर होने वाले लेनदेन का कुल मूल्य 2022-23 में लगभग दोगुना होकर पिछले वित्तीय वर्ष में 1.07 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 में 422 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ इसकी अनूठी यात्रा शुरू हुई थी।

इस पोर्टल का शुभारंभ वस्तुओं एवं सेवाओं की सार्वजनिक खरीद को प्रधानमंत्री के 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन' के मिशन और सरकारी प्रणालियों को ईमानदार, प्रभावी और सभी के लिए सुलभ बनाने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की उनकी रणनीति के अनुरूप ढालने के उद्देश्य से किया गया था।

जीईएम की प्रतिस्पर्धी बोली जैसी पारदर्शी कार्यप्रणालियों ने सरकारी विभागों एवं उपक्रमों को करदाताओं के लगभग 40,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की है। इस तरह की पहलों ने मोदी सरकार को राजकोषीय स्थिति से समझौता किए बिना कल्याणकारी कार्यों पर होने वाले व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि करने में मदद की है।

कई अर्थों में, जीईएम लोगों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के पक्ष में जबरदस्त मतदान किए जाने के बाद से शासन-प्रशासन में लाए गए बदलावों का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। लोग पिछली सरकार से तंग आ चुके थे, जो हमेशा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रहती थी। उस सरकार के कई मंत्रियों के लिए तो विभिन्न अखबारों के मुख्य पृष्ठों पर छपने वाली शर्म और लांछन की रोज की खुराक ही उनकी जीवनशैली का एक आधार थी।

इस संदर्भ में, जीईएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व वृद्धि से कहीं अधिक है और यह अपने-आप में ई-कॉमर्स की किसी भी बड़ी कंपनी को ईर्ष्या से भर देने के लिए काफी है। इस नई प्रणाली ने सदियों पुरानी उन प्रक्रियाओं की जगह ली है जो अक्षमताओं और भ्रष्टाचार से ग्रस्त थीं। सरकारी खरीद अपारदर्शी, काफी समय लेने वाली, बोझिल और भ्रष्टाचार एवं निर्माताओं की गुटबंदी (कार्टेलाइजेशन) में लिप्त हुआ करती थी। केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोग ही प्रवेश संबंधी विशाल बाधाओं को पार कर पाते थे। खरीदारों के पास विशेषाधिकार प्राप्त और अक्सर बेईमान आपूर्तिकर्ताओं से ऊंची एवं बिना मोल-भाव वाली कीमतों पर घटिया सामान खरीदने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। जबकि संभावित विक्रेताओं को सूचीबद्ध होने और फिर समय पर भुगतान पाने के लिए पूरी तरह से सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी की दया पर निर्भर रहना होता था और दर-दर भटकना पड़ता था।

इसके उलट, इस प्रौद्योगिकी-संचालित प्लेटफॉर्म के जरिए विक्रेता पंजीकरण, ऑर्डर देने और भुगतान की प्रकिया में शायद ही कोई मानवीय हस्तक्षेप शामिल होता है। हर कदम पर खरीदार, उसके संगठन के प्रमुख, भुगतान करने वाले अधिकारियों और विक्रेताओं को एसएमएस और ई-मेल के जरिए सूचनाएं दीं जाती हैं। कागजरहित, नकदरहित और फेसलेस जीईएम की यह प्रणाली खरीदारों को असंख्य विक्रेताओं से सीधे प्रतिस्पर्धी दरों पर वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद करने की आजादी देता है। यह नई प्रतिस्पर्धी प्रणाली प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल इंडिया की पहल पर आधारित क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला एक और कदम है। इसने सार्वजनिक खरीद के तौर-तरीकों को बदल दिया है और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और छोटे व्यापारियों के लिए लोकप्रिय सरकारी आर्डर हासिल करना संभव बनाया है।

ठोस आंकड़े और तीसरे-पक्ष द्वारा किए गए व्यावहारिक विश्लेषण जीईएम की सफलता की पुष्टि करते हैं। विश्व बैंक और आईआईएम लखनऊ द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन में औसत मूल्य से औसतन 10 प्रतिशत की बचत का अनुमान लगाया गया है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

**रायपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर के अनुसार 13 मई 2023 को सम्पूर्ण भारत देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला न्यायालय, एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्पुट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक्र चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारा, कब्जे के आधार पर बंटवारा, दंड प्रकिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हाकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर इस नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जाना है।

### सचिव भारतीदासन ने की जलजीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा

**जगदलपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव डां. एस. भारती दासन जिला बस्तर में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यो का अवलोकन करने जगदलपुर पहूंचे। उनके द्वारा ब्लॉक बकावंड के गांव करीत, ग्राम तीरथगढ़ पहुंचे। इस अवसर पर सचिव द्वारा बस्तर संभाग के सभी अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली गई तथा प्रतिदिन के मान से निर्धारित नल कनेक्शन का लक्ष्य प्राप्त करने निर्देशित किया गया। सचिव ने कहा कि जो ग्राम निविदा प्रक्रिया में हैं जल्द से जल्द निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आदेश जारी कर दिया जावे तथा निविदा में भाग लेने हेतु संभाग के ठेकेदारों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य भारत सरकार के द्वारा निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लिया जावे। मिशन के कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में बस्तर के कलेक्टर विजय दयाराम के., मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सार्वे, विभाग के मुख्य अभियंता ए के साहू, एस ई एच के चंदनिया, बारापात्रे एवं संभाग के अंतर्गत सभी जिलों के कार्य पालन अभियंता एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार और राष्ट्रगान के रचयिता गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर की 07 मई को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर एक मानवता वादी विचारक एवं विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उनका शिक्षा, साहित्य सहित कला के क्षेत्र में योगदान अद्धितीय है। वे भारत ही नही एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री बघेल ने कहा है कि युवा पीढ़ी को गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर के विचार मूल्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

# धन्वंतरी मेडिकल शॉप में आधे कीमत पर दवाईयां उपलब्ध है, नागरिक इसका लाभ उठाएं -कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

खैरागढ़। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला में प्रशानिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और कार्यों में कसावट लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को निरीक्षण और भ्रमण पर निकले। शहर के शासकीय धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल शॉप और स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट शाला खैरागढ़ का औचक निरीक्षण किया।



केसीजी कलेक्टर ने धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल शॉप खैरागढ़ के निरीक्षण के दौरान लाभान्वित होने वाले नागरिकों की संख्या पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि- धन्वंतरी मेडिकल शॉप में आधे कीमत पर दवाईयां उपलब्ध है।

नागरिक इसका लाभ उठाएं। अधिकारियों और चिकित्सकों को निर्देशित किया कि धन्वंतरी मेडिकल शॉप की जानकारी लोगों तक पहुचाएं और अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इससे लाभान्वित करे। इस कार्य के लिए चिकित्सकों की एक बैठक बुलाने अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल के संचालक पर स्टोर का छोटा नाम लगाने पर नाराजगी जाहिर की और बड़ा बोर्ड बनाकर लगाने निर्देश दिए। केसीजी कलेक्टर गोपाल वर्मा ने खैरागढ़ के मुख्य मार्ग पर नगर पालिका के निकट संचालित शासकीय धन्वंतरी मेडिकल शॉप का शुक्रवार को निरीक्षण किया। धन्वंतरी मेडिकल शॉप के संचालक से स्टॉक और औषधि विक्रय की जानकारी पूछी। संचालक ने बताया कि मांग के अनुरूप सिपला, मैनकाइंड आदि गुणवत्तापूर्ण कंपनी की पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, परन्तु दैनिक बिक्री 2 से 3 हजार रुपये तक ही हो पाता है। इस पर कलेक्टर ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मार्केट में एक निजी मेडिकल स्टोर प्रतिदिन औसतन 30 से 40 हजार की दवाई बेच लेता है। जबकि राज्य शासन के द्वारा धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल शॉप में दवाईयों पर 50 प्रतिशत की छूट होने पर भी यह विक्रय संतोषप्रद नही है। योजना का सामूहिक प्रचार प्रसार करके लाभान्वित की संख्या में वृद्धि करें।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट शाला खैरागढ़ का औचक निरीक्षण किया और भवन का निर्माण की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि - स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट शाला खैरागढ़ के भवन का निर्माण कार्य 15 जून के पहले पूर्ण करें। मौके पर उपस्थित निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग और सम्बंधित ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि - भवन जीर्णोद्धार और मरम्मत का कार्य समानांतर एक साथ करते हुए, इसे समय सीमा में पूरा करें।

इस निर्माण कार्य के दौरान विद्यार्थियों को आने जाने में सुविधा का पूरा ख्याल रखने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन और सम्बंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने कुसमी विकासखंड का दौरा कर विकास कार्यों का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने आज विकासखंड कुसमी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सामरी में संचालित आदर्श गौठान, नगर पंचायत कुसमी द्वारा संचालित एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने महात्मा गाँधी रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क (रीपा) सामरी तथा शंकरगढ़ का अवलोकन कर प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान कुसमी-आस्ता-जशपुर मार्ग पर प्रगतिशील पुल निर्माण कार्य का अवलोकन कर निर्माण के संबंध में सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



गौरतलब है की बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वहां संचालित शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं और क्षेत्र के विकास के लिए चल रहे निर्माण कार्यो का जायजा ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सामरी में संचालित आदर्श गौठान पहुंचकर वहां महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण तथा विक्रय के संबंध में जानकारी ली, तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ गौठान में रीपा के अंतर्गत स्थापित होने वाले फ्लाई ऐश ईंट निर्माण संयंत्र, तेल और पोहा मिल के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री एक्का ने नगर पंचायत कुसमी के एस.एल.आर.एम. का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी लेते हुए वेस्ट मैनेजमेंट की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कुसमी-आस्ता-जशपुर मार्ग पर निर्माणाधीन पुल और कुसमी से शंकरगढ़ के मध्य सड़क मार्ग का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने शंकरगढ़ में भी रीपा अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी अनमोल विवेक टोप्पो, तहसीलदार मोहन भारद्वाज, पी.डब्ल्यू.डी. के कार्यपालन अभियंता एस.के. गुप्ता, नगर पंचायत कुसमी सी.एम.ओ. नारायण साहू उपस्थित थे।

## कलेक्टर डॉ भूरे ने धरसीवा विकासखंड के विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने अपने भ्रमण के दौरान धरसीवां विकास खंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम ग्राम पंचायत तर्रा में उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रदाय पॉलीहाउस में आर्किड के फूलों की खेती का निरीक्षण किया ।उन्होंने लाभान्वित कृषक से विस्तार में शासन से मिले लाभ की जानकारी ली तथा खेती में होने वाले खर्चे, संभावित आमदनी तथा विक्रय के लिए बाजार आदि की भी जानकारी ली । कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सारागाव में स्वामी आत्मानंद इंगलिश मीडियम स्कूल में उपस्थित प्राचार्य और शिक्षकों चर्चा कर स्कूल की वस्तुस्तिथि का जायज़ा लिया। उन्होंने वहां स्कूल में बच्चों के प्रवेश, शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता, पानी, बिजली ,टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था, स्कूल के मरम्मत ,रंगाई पुताई आदि सभी व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ भुरे ने ग्राम पंचायत पवनी में नरुवा कार्यों और जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की । इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश छिकारा, जनपद पंचायत धरसीवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सांसद दीपक बैज ने जारी किया आर्थिक सहयोग राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोण्डागांव ।** बस्तर के सांसद दीपक बैज ने विधानसभा क्षेत्र कोण्डागांव अंतर्गत 13 हितग्राहियों व समूह को आर्थिक सहयोग राशि जारी किया है। कुल 01लाख 25हजार रुपए के आर्थिक सहयोग राशि के चेक का सांसद प्रतिनिधि कैलाश पोयाम के हाथों हितग्राहियों को वितरित किया गया है। सांसद प्रतिनिधि कैलाश पोयाम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र कोण्डागांव के सामाजिक संगठन, युवा संगठन व व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहयोग करते हुए चेक की राशि जारी की गई है, जिसका उनके हाथों वितरण किया गया है।



बस्तर सांसद दीपक बैज ने विधानसभा क्षेत्र कोण्डागांव अंतर्गत विकासखंड माकड़ी और विकास खंड कोण्डागांव के 13 हितग्राहियों और समूह के लिए सहायता राशि जारी किया है।

सहायता राशि प्राप्त करने वालों में विकासखंड कोण्डागांव अंतर्गत मूलमुला गांव के हलवा समाज को बर्तन सेट के लिए 10 हजार रुपए, जामकोटपारा कोण्डागांव के मुरिया समाज को बर्तन सेट के लिए 10 हजार रुपए, घोड़ागांव के बंजारा समाज को माइक सेट के लिए 10 हजार रुपए, धनपुर जामपारा के मुरिया समाज को माइक सेट के लिए 10 हजार रुपए, जामकोट पारा कोण्डागांव के पवन देवांगन को बर्तन सेट के लिए 10 हजार रुपए, जामपदर पारा के मानिकपुरी समाज को बर्तन सेट के लिए 10 हजार रुपए, संबलपुर के अन्य पिछड़ा वर्ग समाज को बर्तन सेट के लिए 10 हजार रुपए, विकासनगर कोण्डागांव की सुमित्रा टावरी को वाद्यय यंत्र के लिए 10 हजार रुपए, जामकोटपारा कोण्डागांव के युवा क्रिकेट टीम को खेल सामग्री के लिए 10 हजार रुपए, जामकोटपारा की पिसाडीन बाई नेताम को आर्थिक सहायता के रूप में 5 हजार रुपए, विकास खंड माकड़ी अंतर्गत तारागांव के बंजारा समाज को माइक सेट के लिए 10 हजार रुपए, नाकापारा बेलगांव के गढ़िया गोंड समाज को बर्तन सेट के लिए 10 हजार रुपए और हीरापुर के भतरा समाज को टेंट सेट के लिए 10 हजार रुपए का आर्थिक सहायता राशि जारी किया गया है।

## जीवनदीप समिति की बैठक में विधायक अमितेश शुक्ल ने दिये महत्वपूर्ण निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** जिला चिकित्सालय गरियाबंद में जीवनदीप समिति बैठक राजिम विधायक अमितेश शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में विधायक श्री शुक्ल द्वारा महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने अस्पताल व शौचालय की साफ-सफाई,अस्पताल में 24 घंण्टे धनवन्तरी औषधि केन्द्र की सुविधा,अस्पताल में तत्काल ईलाज,सभी प्रकार की जाँच तथा जीवन दीप समिति के सदस्यों से समय-समय पर सुझाव लेकर जिला अस्पताल के सुचालन के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के. सी. उरांव ने बताया कि जिला अस्पताल गरियाबंद को लघु मरम्मत कार्य,ओटी मरम्मत कार्य माड्यूलर किचन शेड,छत मरम्मत आदि के लिए दो करोड़ की राशि राज्य से मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष से प्राप्त हो चुकी हैं। जिला अस्पताल गरियाबंद से आवश्यक उपकरण के लिए तथा वार्ड में विभिन्न कार्यों के लिए 2 करोड़ की राशि प्रदान करने के लिए संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छ.ग. द्वारा सहमति दी गई।साथ ही ब्लड स्टोरेज यूनिट की स्थापना कार्य,चिकित्सा कक्ष डाक्टर ड्यूटी कक्ष,मरीजों की सुविधा इत्यादि के लिए 4 करोड़ की राशि राज्य नोडल एजेंसी से प्राप्त होने की कार्यवाही अंतिम चरण पर है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई राजस्व समीक्षा बैठक

**जगदलपुर।** नवपदस्थ कलेक्टर श्री विजय दयाराम के ने शनिवार 6 मई को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों पर बातचीत करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने मूल कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करने को कहा। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा, कि जिन लंबित प्रकरणों की समय-सीमा खत्म होने वाली है, उनका निराकरण प्राथमिकता के साथ शीघ्र करें। कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा की स्थिति में बिना किसी विलंब के मुआवजा राशि का भुगतान करने के निर्देश भी दिए।










## खास खबर...



### बच्चों ने सीखा स्वस्थ जीवन जीने का तरीका

**रायपुर (ए)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के चौबे कालोनी में आयोजित समर कैम्प में नैचुरोपैथ डॉ. विवेक भारती ने बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने का तरीका बतया। डॉ. विवेक भारती ने कहा कि आज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि श्रम और व्यायाम के अभाव में हमारे शरीर का लचीलापन (फ्लेक्सीबिलिटी) खत्म होता जा रहा है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए दिनचर्या में पहला सुधार यह करने की जरूरत है कि हमें सारे दिन में कम से कम एक बार जमीन पर जरूर बैठना चाहिए।इसी प्रकार स्वस्थ रहने के लिए दिन में कम से कम बीस मिनट कोई भी एक्सरसाईज करना चाहिए। योग करने, म्युजिक सुनने, खेलने और एक्सरसाईज करने से हमारे अन्दर एण्डार्फिन नामक हार्मोन निकलता है जो कि हमें खुशी प्रदान करता है। इसी प्रकार सोशल मीडिया भी प्लेजर हार्मोन्स पैदा करता है।उन्होंने बतलाया कि स्वस्थ जीवन के लिए पांच बातें मुख्य रूप से ध्यान में रखना चाहिए। दिन में सिर्फदो बार पका हुआ भोजन करें और एक बार कोई भी सीजनल फल, जूस आदि लेना चाहिए। दूसरी बात दिन में कम से कम ढाई लीटर पानी पीना चाहिए। जरुरत से ज्यादा पानी पीना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।तीसरी बात रोज व्यायाम करें। चौथी बात पाचन तंत्र को आराम देना। इसके लिए सप्ताह में एक दिन उपवास कर सकते हैं। पांचवी और सबसे प्रमुख बात प्रतिदिन राजयोग मेडिटेशन करें। इससे हमारे नकारात्मक विचार निकल जाते हैं और हमारा दृष्टिकोण सकारात्मक बन जाता है।

# सड़क हादसों से बचने दिशा कॉलेज के छात्र-छात्राओं को बताए गए यातायात के नियम

## दोपहिया चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट लगाना ना भूलें, जान की सुरक्षा जरूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** शहर में लगातार सड़क हादसों में हो रही मौतों को देखते हुए दिशा कॉलेज रामनगर रायपुर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में संजय शर्मा अध्यक्ष अंतर विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ एवं एआईजी ट्रैफिक द्वारा भारतवर्ष में प्रतिवर्ष होने वाले सड़क दुर्घटना का आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए बताया कि भारत में प्रत्येक वर्ष लगभग 5 लाख रोड एक्सीडेंट का आंकड़ा दर्ज किया जाता है, जिसमें से 1.5 लाख लोगों की मृत्यु एवं 3.5 लाख लोग घायल होते हैं।



इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में वर्ष 2022 में 13,279 सड़क दुर्घटना का प्रकरण दर्ज किया गया जिसमें 5834 लोगों की मृत्यु एवं 11,695 लोग घायल हुए। इससे स्पष्ट होता है कि सड़क दुर्घटना में काफी लोग प्रभावित होते हैं एवं जन हानि होती है। जिसे रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। उक्त सड़क दुर्घटनाओं में ज्यादातर मौतें दो पहिया वाहन चालकों की दर्ज की गई, जो लगभग 70 प्रतिशत है। जिनमें से ज्यादातर मौतें बिना हेलमेट न पहनने के कारण हुई है। दो पहिया चलाते समय हेलमेट पहने और चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं, तो सड़क दुर्घटना मृत्यु में 45 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है। इसी प्रकार एक साथ ज्यादा संख्या में मौतें मालवाहक में सवारी बैठाकर किसी कार्यक्रम में आने-जाने के दौरान हुई है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी से अपील की गई कि मालवाहक में सफर ना करें।

कार्यक्रम में यातायात पुलिस रायपुर के यातायात प्रशिक्षक टीके भोई एवं आरक्षक सहदेव वर्मा द्वारा सड़क के नियम जैसे रोड मार्किंग, सड़क संकेत, इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल, यातायात पुलिस का संकेत, वाहन चालक संकेत आदि नियमों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को प्रथम 1 घंटे में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने हेतु भारत सरकार द्वारा जारी गुड सेमेरिटन योजना के बारे में जानकारी और घायल व्यक्तियों का हर संभव मदद की अपील की गई। यातायात जागरूकता अभियान में सहभागिता हेतु दिशा कॉलेज के प्राचार्य को संजय शर्मा अध्यक्ष अंतर विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ की ओर से मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिशा कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बच्चों ने लिया मोबाइल नहीं चलाने का नियम

**रायपुर (ए)।** संस्कार शिक्षण शिविर मे बच्चों ने मोबाइल नहीं चलाने का नियम लिया। अपने जीवन में ये बच्चे समय-समय पर नियम लेकर उसका पालन भी करेंगे। शनिवार को नियम के विषय पर समझाते हुए पं. अंश जैन शास्त्री ने कहा की धर्म की वृद्धि के लिए नियम बहुत आवश्यक है। नियम लेने से ही धर्म में वृद्धि होती है हमे बच्चो में बचपन से ही छोटे छोटे नियम की अदात डालनी चाहिए। एक बहुत ही सुंदर कहावत है-'घुटने पर चलते चलते एक दिन पैरो पर खड़े हो जाते हैं, छोटे छोटे नियम एक दिन बहुत बड़े हो जाते है।' चाहे छोटे हो या बड़े पर नियम लेना ज़रूरी है। क्योंकि नियम के द्वारा ही हम अपने आपको धर्म के प्रति अग्रसर कर पाएंगे।

पं.अंश जैन ने कहा, यदि आप कोई चीज़ नियम पूर्वक करे तो उसका अलग फल मिलेगा। परंतु आप ये कहे कि हमारा नियम नहीं है पर हम ये नहीं करते है तो उसमें पुण्य तो है परंतु नियमपूर्वक करने में अधिक पुण्य का बंध होता है। इसीलिय प्रत्येक श्रावकों को कम से कम जितने नियम गृहस्थों के होते है उनका स्वयं भी पालन करे और अपने बच्चो को भी दिलवाएं। शिविर मे आये बच्चों ने भी मोबाइल नहीं चलाने का नियम लिया। सभी बच्चे जीवन पर्यन्त समय-समय पर नियम लेकर उसका पालन भी करेंगे।

आदिनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर पंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया की बड़े मंदिर मे शिविर का आयोजन करने सें बच्चे बड़े सभी मे विशेष धर्म संस्कार प्राप्त हो रहा है।

## हार के डर से बौखलाई भाजपा अब हत्या पर उतारूः धनंजय



**रायपुर (ए)।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि चुनावी हार के पूर्वानुमान से हतोत्साहित भाजपा इस हद तक गिर चुकी है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनके पूरे परिवार की हत्या कर देना चाहती है। चितपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री बोम्मई के चहेते मणिकांत राठौड़ का ऑडियो लीक हुआ है जिसमें वो साफ-साफ मल्लिकार्जुन खरगे और उनके पूरे परिवार की हत्या की साजिश रच रहे हैं। गोंडसेवादियों को एक 80 साल के बुजुर्ग नेता मल्लिकार्जुन खरगे आंखों में चुभ रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा नेतृत्व ध्रुवीकरण, धमकी और सांप्रदायिकता जैसे कई हथकंडे अपना कर देख चुकी है फिर भी भाजपा को अपनी करारी शिकस्त साफ साफ नजर आ रही है।

धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा कर्नाटक में चुनाव में हारने वाली है। हार की बौखलाहट में हिंसा और दुष्प्रचार का सहारा लेने लग गयी है। कभी धार्मिक उन्माद फैलाकर जनता के मुद्दे से ध्यान हटाना चाहती है। कभी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को परिवार सहित मारने की बाते की जा रही है। भाजपा सत्ता के हाथ से जाने के डर से इतना स्तरहीन हो चुकी है कि उसे यह भी ख्याल नही रहा कि वह देश में सरकार चलाने वाला दल है भाजपा देश के लोकतंत्र को कुलंकित करने का काम कर रही है।

## जीव जंतु कल्याण बोर्ड का मानद सदस्य बने पदम डाकलिया

**रायपुर (ए)।** भारत सरकार के पशुपालन एवम डेयरी मंत्रालय ने अखिल जैन (पदम डाकलिया) को जीव जंतु कल्याण बोर्ड का मानद सदस्य नियुक्त किया है। इसके लिए जैन समाज ने पदम डाकलिया का सम्मान किया। यह सम्मान मनोहर श्री मसा की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित ज्ञानोत्सव कार्यक्रम में दिया गया। इस दौरान साध्वी सुभद्रा श्री मसा, शुभंकराश्री मसा, लयस्मिताश्री मसा, संघमित्राश्री आदि उपस्थित थे।

# अब हिंसा कराकर चुनाव जीतना चाहती है भाजपाः सुशील



**रायपुर (ए)।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मणिकांत राठौर के वायरल ऑडियो से स्पष्ट समझ में आता है कि भाजपा कांग्रेस के नेताओं को जख्मी कर उनकी हत्या कर चुनाव जीतना चाहती है। कर्नाटक की जनता को बताने के लिए भाजपा के पास ना तो मुद्दा है न कोई योजना है। 40 प्रतिशत कमीशन लेने वाली कर्नाटक की भाजपा सरकार को बदलने का मन कर्नाटक की जनता ने एक बना लिया है। ऐसे में करारी हार और मोदी की गिरती छवि को बचाने के लिए भाजपा अब षड्यंत्र कर रही है।

सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूरे देश में भाजपा जन समर्थन खो रही है नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ दिन-ब-दिन गिर रहा है। वादाखिलाफी और झूठ से जनता त्रस्त है। ऐसे में जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है जिन राज्यों में विपक्षी दल मजबूती से जनता की आवाज को उठा रहा है। उन राज्यों में नरेंद्र मोदी की सरकार केंद्रीय शक्तियों का दुरुपयोग कर रही है। ईडी सीबीआई आईटी जैसी संस्थाओं को भेजकर विपक्षी दल के नेताओं का चरित्र हनन का षड्यंत्र कर रही है। जिन राज्यों में पूरी तरह फ्लाप हो रही है जैसे कर्नाटक में अब तक के रुझान में भाजपा बुरी तरीके से हार रही है। ऐसे राज्यों में विपक्षी दल के नेताओं की हत्या उनके परिवार जनों की हत्या की साजिश रची है। यह लोकतंत्र के विपरीत काम करना भारतीय जनता पार्टी का चरित्र है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर बांटी खीर-पूरी

**रायपुर (ए)।** बुद्ध पूर्णिमा पर शुक्रवार को भीमनगर के लोगों ने भीमनगर में स्थित आनंद बुद्ध विहार में पूजा-अर्चना करने के बाद भीम नगर गेट के पास आम नागरिकों को रात्रि 9 बजे तक प्रसादी के रुप में खीर-पूरी वितरित की। भारतीय बौद्ध महासभा भीमनगर शाखा के युवा संघ के अध्यक्ष निशांत सिंगाड़े ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भीमनगर में रहने वाले समाज के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ महोत्सव मनाया। आनंद बुद्ध विहार में स्थित बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया एवं दीप प्रज्वलित पश्चाम पूजा-अर्चना करने के बाद माल्यार्पण किया गया। इसके बाद भीम नगर गेट के पास दोपहर 2 बजे से आम लोगों को प्रसादी के रुप में खीर पूरी वितरण करने का सिलसिला शुरु हुआ जो रात्रि 9 बजे तक चलता रहा। इस कार्य में युवा संघ के अध्यक्ष निशांत सिंगाड़े, शेखर बागड़े, रवि बोरकर, प्रवीण सहारे, गौतम उके, संदीप बसोड़, सचिन गजभिए, विकी शमकुवर, सत्यजीत बोरकर, भारतीय बौद्ध महासभा भीमनगर महिला विंग की अध्यक्ष करुणा वासनिक, योगिना भागने, लछमी ताई सिंगापुर, संध्या बोले, नंदा बघेल, येमू मेश्राम के अलावा भारतीय बौद्ध महासभा भीमनगर शाखा के अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# नल लगाने में लापरवाही एसडीओ-उपयंत्री को नोटिस

### पीएचई सचिव ने धमतरी-कांकेर में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की



**रायपुर (ए)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने 5 मई को धमतरी और कांकेर जिले के कई गांवों का दौरा कर जल जीवन मिशन के कार्यों का मुआयना किया। धमतरी जिले के मुजगहन गांव में घरेलू नल कनेक्शन में नल टोटी लगाए जाने के मामले में लापरवाही बरतने को लेकर सचिव डॉ. भारतीदासन ने नाराजगी जताई और विभाग के एसडीओ एवं सब-इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुजगहन में घरेलू नल कनेक्शन में कई घरों में नल की टोटियां प्लास्टिक की लगी पाई गई और कई घरेलू नल कनेक्शनों में टोटी नहीं लगी थी। सचिव डॉ. भारतीदासन ने दो दिवस के भीतर सभी घरेलू नल कनेक्शनों में मानक स्तर की स्टील की टोटियां लगाए जाने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए। मुजगहन में टंकी के आउटलेट पाईप में लिकेज की शिकायत के मरम्मत के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।

सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने ग्राम रूद्री की सचिव अनिता यादव की मांग पर गौठान में पेयजल की व्यवस्था के लिए तत्काल नलकूप खनन करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान घरेलू नल कनेक्शनों की स्थिति भी देखी। सरपंच ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत उनकी ग्राम पंचायत के सभी घरों में नल कनेक्शन देकर जलापूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा जलकर के रूप में प्रतिमाह 100 रूपए शुल्क भी ग्राम पंचायत जमा कराया जा रहा है। जिससे पंचायत को प्रतिमाह 60 हजार रूपए की राजस्व प्राप्ति हो रही है। इससे योजना के संधारण में मदद मिल रही है।

सचिव डॉ. भारतीदासन ने ग्राम कानीडबरी की रेट्रोफिटिंग नलजल योजना का भी निरीक्षण किया। रेट्रोफिटिंग योजना के लिए कार्यादेश 08 माह पूर्व दिया गया किंतु टंकी कार्य की प्रगति मात्र 15 प्रतिशत पाया गया। सचिव डॉ. भारतीदासन ने बारिश से पूर्व पाईप लाईन एवं टंकी के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि धमतरी जिले की 05 योजनाएं कार्यादेश जारी होने के 03 माह से अधिक होने के बाद भी कार्य अप्रारंभ है। डॉ. दासन ने इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए प्रमुख अभियंता को अप्रारंभ कार्यों के कार्यादेश तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए। सचिव डॉ. दासन ने विश्राम गृह में धमतरी जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की।

# छत्तीसगढ़ में गर्मी से राहत के आसार नहीं



**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में हवा की दिशा बदलते ही अब उमस में बढ़ोतरी होने लगी है। हालांकि अधिकतम व न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से नीचे है, इसके बावजूद दोपहर की तेज धूप चुभने लगी है और उमस बढ़ी है। दोपहर की चिलचिलाती धूप व गर्मी बढ़ने लगी है।

मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में चक्रवात के प्रभाव से भले ही बादल छाए रहेंगे, लेकिन उमस में बढ़ोतरी होने वाली है। लोगों को अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं है। शनिवार सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेश भर का मौसम शुष्क रहा। कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा भी हुई, लेकिन उमस में बढ़ोतरी हुई। रायपुर का अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री नीचे और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री नीचे रहा।मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर पश्चिम से शुष्क हवा आने के आसार है और इसके चलते प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है।

इस वर्ष मार्च तरह अप्रैल का महीना भी बीते दस वर्षों में सबसे कम तपाने वाला रहा है। अप्रैल अधिकतम तापमान औसतन सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस तक नीचे ही रहा है। मई के तीन दिन भी कम तपे है और राहत वाले रहे है,अब गर्मी शुरू हो गई है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## वामिका ने जुबली में जैज गाने के लिए रेखा और प्रियंका से ली प्रेरणा



अभिनेत्री वामिका गब्बी जुबली में नीलोफर कुरैशी नाम की अभिनेत्री की भूमिका निभा रहीं हैं। उन्होंने सीरीज के नंबर बाबूजी भोले भाले के लिए रेखा और प्रियंका चोपड़ा जोनस से प्रेरणा ली थी। जुबली एक पीरियड ड्रामा है। यह सीरीज 1940 और 1950 के दशक में हिंदी फिल्म उद्योग के सुनहरे दिनों पर आधारित है। उन्होंने फिल्म के लिए बाबूजी भोले भाले गाने के साथ जैज में भी हाथ आजमाया। अभिनेत्री वामिका ने कहा, जैसा कि हमने फिल्मों में देखा है, एक पीरियड ड्रामा के लिए एक किरदार निभाना बेहद मुश्किल है क्योंकि हम लोगों का कैरिकेचर करते हैं। हालांकि, डांस सीक्वेंस अलग हैं, क्योंकि उनमें बहुत जटिल मूवमेंट और आंख और चेहरे के भाव होते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इसे सही करने के लिए मैंने रेखा जी, प्रियंका चोपड़ा, ऐश्वर्या राय बच्चन जैसी अभिनेत्रियों को फॉलो किया। और प्रसिद्ध अभिनेत्रियों के गीतों को बार-बार देखा ताकि जोशपूर्ण जैजी नंबर बाबूजी भोले भाले की तैयारी की जा सके। विक्रमादित्य मोटवान द्वारा अभिनीत सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। सीरीज में अपारशक्ति खुराना, अदिति राव हैदरी, प्रोसेनजीत चटर्जी, सिद्धांत गुप्ता, नंदीश संधू और राम कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## पीरियड्स की ऐंठन को दूर करने में मदद कर सकती हैं ये 5 सोने की मुद्रा



पीरियड्स एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिससे हर महिला को गुजरना पड़ता है। यह कभी-कभी बहुत कष्टदायक साबित होते हैं और इस दौरान महिलाओं को पेट में दर्द और ऐंठन जैसी समस्याओं के साथ-साथ मानसिक बदलावों का भी सामना करना पड़ता है। हालांकि, जब पीरियड की ऐंठन को कम करने की बात आती है तो रात की अच्छी नींद लेना गेम-चेंजर हो सकता है। आइए आज हम आपको पीरियड्स की ऐंठन को कम करने वाली 5 सोने की मुद्रा बताते हैं।

### भ्रूण की स्थिति में सोना

अमूमन महिलाएं पीरियड्स की ऐंठन से राहत पाने के लिए अक्सर दर्द निवारक दवाइयां लेती हैं। हालांकि, इससे उनकी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसकी बजाय भ्रूण की अवस्था में सोना बेहतर हो सकता है। इसके लिए अपने घुटनों को अपनी छाती की तरफ घुमाएं। इससे पेट की मांसपेशियों पर दबाव कम पड़ता है और ऐंठन कम होने लगती है। इसी तरह इस अवस्था में सोने से नींद भी बहुत अच्छी आती है।

### पेट के बल सोना

यह स्थिति त्वचा के लिए अच्छी नहीं मानी जाती है, लेकिन पीरियड्स की ऐंठन को दूर करने के लिए यह सबसे अच्छी अवस्था है। बेहतर होगा कि आप इसके लिए अपने कमर वाली जगह से थोड़ा नीचे की ओर ओर एक तकिया लगाकर फिर पेट के बल सोएं। इससे गर्भाशय पर दबाव कम पड़ेगा और पेट की ऐंठन को कम करने में भी मदद मिल सकती है। ये 5 चाय भी पीरियड्स के दर्द से छुटकारा दिला सकती हैं।

### घुटनों के नीचे तकिया लगाकर अपनी पीठ के बल सोएं

यदि आप अपने घुटनों के नीचे तकिया रखते हैं तो आपके लिए पीठ के बल सोना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जो पीरियड्स के दौरान पीठ और पेट पर पड़ने वाले खिंचाव को कम करने में मदद करता है। हालांकि, अगर आपको इस अवस्था में सोने से पीठ या पेट पर अधिक खिंचाव महसूस हो तो इस स्थिति में सोने से बचें। इसकी बजाय अपनी पीठ के नीचे तकिया रखकर सोएं।

### पीठ के बल सोएं

बेशक पीठ के बल सोने से आपको थोड़ी परेशानी हो, लेकिन इस मुद्रा में सोने से न सिर्फ पीरियड्स की ऐंठन कम होगी, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ मिलेंगे। पीठ के बल सोने पर रीढ़ की हड्डी का सपोर्ट मिलता है और गले में दर्द नहीं होता। इस मुद्रा में सोने से पाचन भी अच्छा रहता है। इसके अलावा ऐसे सोने से त्वचा संबंधी समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। पीरियड्स के दौरान त्वचा का ऐसे ध्यान रखें।

### सही होना चाहिए सोने का वातावरण

अपनी नींद की स्थिति को बदलने के अलावा अपने सोने के वातावरण को ठीक करने से भी पीरियड्स की ऐंठन को कम करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए अपने बेडरूम को ठंडा रखें, आरामदायक बिस्तर का उपयोग करें और अच्छा वेंटिलेशन सुनिश्चित करें। ये सभी चीजें रात की बेहतर नींद को बढ़ावा देने में मदद कर सकती हैं। इससे आपको ऐंठन से राहत मिलने के साथ मानसिक शांति भी मिलेगी।

## टाइगर 3 में शाहरुख खान के कैमियो पर खर्च होंगे 35 करोड़, सलमान संग करेंगे एक्शन



शाहरुख खान की फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो की खूब चर्चा हुई थी। इस फिल्म में सलमान अपने टाइगर उर्फ अविनाश राठौड़ के किरदार में पहुंचे थे। फिल्म में दोनों का एक शानदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिला, जिसे देखकर शाहरुख और सलमान के प्रशंसक रोमांचित हो उठे। ट्रेन के ऊपर हुआ यह एक्शन दृश्य खूब सुर्खियों में रहा। अब यशराज फिल्म्स टाइगर 3 में भी शाहरुख और सलमान के बीच जबरदस्त एक्शन की योजना बना रही है। पठान में सलमान के कैमियो के बाद अब टाइगर 3 में शाहरुख का कैमियो चर्चा में है। टाइगर 3 में शाहरुख और सलमान के बीच एक भव्य एक्शन दृश्य फिल्माया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य चोपड़ा इस दृश्य पर 35 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। जब सलमान और शाहरुख एक फ्रेम में हैं तो वह एक यादगार सिनेमाई अनुभव बनाना चाहते हैं। दर्शकों के लिए 35 करोड़ का यह दृश्य देखना रोमांचक होगा।

शाहरुख और सलमान इस दृश्य की शूटिंग 8 मई से शुरू करेंगे। पठान में जब वह दुश्मनों के बीच फंस जाता है तो टाइगर उसकी मदद करता है। जाते-जाते टाइगर पठान से कहता है कि भविष्य में उसे भी उसकी जरूरत पड़ सकती है। अब पठान टाइगर का यह कर्ज चुकाएगा। पठान में जहां यह भव्य दृश्य चलती ट्रेन पर था, वहीं टाइगर में दोनों जेल के अंदर एक्शन करते नजर आएंगे।

टाइगर 3 में एक बार फिर से सलमान के साथ कैटरीना कैफ की जोड़ी देखने को मिलेगी। दोनों इससे पहले एक था टाइगर और टाइगर जिंदा है में नजर आ चुके हैं। इस बार फिल्म की स्टारकास्ट में इमरान हाशमी भी शामिल हुए हैं। वह फिल्म में विलेन बने नजर आएंगे। खबर है कि वह एक पाकिस्तानी जासूस के किरदार में होंगे, जिसे पाकिस्तान का टाइगर माना जाता है। टाइगर 3 इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगी।

पठान के साथ यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने स्पाई यूनिवर्स की घोषणा की थी। इस यूनिवर्स में वाईआरएफ की स्पाई फिल्मों का क्रॉसओवर देखने को मिलेगा। फिल्म में शाहरुख की पठान, सलमान की टाइगर और ऋतिक रोशन की वॉर शामिल होगी। ऋतिक की वॉर 2 की घोषणा हो चुकी है। इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। दर्शकों के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि सभी फिल्में आपस में कैसे मिलती हैं।

## बंद नाक से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा फायदा



आजकल का मौसम कभी धूप तो कभी बरसात वाला हो रहा है। ऐसे बदलते मौसम में बंद नाक एक सामान्य समस्या है, जिससे ज्यादातर लोग जूझते हैं। हालांकि, इस समस्या से बचाव के लिए आप दवाइयों की जगह कुछ प्रभावी प्राकृतिक और घरेलू उपचार भी आजमा सकते हैं। चलिए फिर आज हम आपको बंद नाक से राहत पाने के लिए 5 असरदार घरेलू नुस्खे बताते हैं।

### अदरक की चाय या सिकाई

बंद नाक की समस्या से बचाव के लिए अदरक की चाय का सेवन एक बेहतरीन घरेलू उपाय है। इसके अलावा आप इसे कंप्रेसर के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। कंप्रेशन के लिए 2 कप पानी में अदरक के कुछ टुकड़ों को डालकर उबालें और फिर उस पानी में एक ताजा कपड़ा भिगोकर उसे लगभग 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर रखें। अब कपड़े के माध्यम से सांस लेने की कोशिश करें। इससे आपकी बंद नाक खुल जाएगी।

### गर्म पानी के साथ सेब के सिरके का करें सेवन

सेब का सिरका एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होता है। यह आपको भरी और बंद हुई नाक से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। इसमें पोटैशियम भी होता है, जो बलगम को पतला बनाता है और उसे बाहर निकालने में मदद करता है। लाभ के लिए गर्म पानी में 2 बड़ी चम्मच सेब का सिरका मिलाएं और फिर दिन में 3 बार इसका सेवन करें। बेहतर स्वाद के लिए आप इसमें 1 बड़ी चम्मच शहद मिला सकते हैं।

### भाप के लिए गुनगुने पानी से नहाएं

बंद नाक की समस्या से राहत पाने के लिए गर्म पानी से नहाना बहुत प्रभावी होता है। जब आप नहाते समय गर्म पानी का भाप लेते हैं तो इससे आपकी नाक में दर्द और बेचैनी कम होती है, जिससे आपको बंद नाक से राहत मिलती है। इसके अलावा आप एक कटोरी गर्म पानी से भाप भी ले सकते हैं। यह तरीका भी बंद नाक का इलाज करने में मददगार है। इन दोनों गतिविधियों को दिन में कई बार करें।

### हवा नम करने के लिए ह्यूमिडिफायर का करें इस्तेमाल

आसपास की हवा में नमी जोड़ने के लिए ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल किया जाता है। इससे आपको बेहतर सांस लेने में मदद मिलती है। इस कारण बंद नाक से बचाव के लिए आपको ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करना चाहिए। हालांकि, इसका उपयोग करते वक्त सुरक्षा का ध्यान जरूर रखें। घर में ह्यूमिडिफायर के इस्तेमाल से बंद नाक के अलावा ये 5 अन्य फायदे भी मिलते हैं।

### इस तरह रखें सोने की मुद्रा

जब आप सोते हैं तो नाक में जकड़न या रुकावट बढ़ जाती है और ऐसा आसन यानी आपके सोने की मुद्रा के कारण होता है। इस कारण हमेशा अपने सिर के नीचे एक अतिरिक्त तकिया रखें ताकि आपका सिर थोड़ा ऊपर उठे और बलगम नाक में वापस न जाए। इसके अलावा आप बेहतर तरीके से सांस लेने के लिए अपनी नाक के पास कुछ पेपरमिंट तेल लगा सकते हैं। बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए सोने की ये मुद्राएं भी अच्छी हैं।



## वर्कआउट लुक में नजर आई नोरा, फ्लॉन्ट की पतली कमर और कर्वी बॉडी

नोरा फतेही बॉलीवुड की जानी मानी डांसर हैं. उनके डांस के लोग दिवाने हैं. उनकी एक झलक पाने को लोग बेकरार रहते हैं. नोरा फतेही सोशल मीडिया पर भी धमाल मचाती हैं. वह अक्सर बहतरीन आउटफिट में अपनी शानदार फोटो और वीडियो शेयर करती रहती हैं. उनकी फोटो और वीडियो को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं. हाल ही में नोरा फतेही ने वर्कआउटल लुक में अपने फोटो शेयर किए हैं. अपने डांस मूव्स से सबको दिवाना बनाने वाली नोरा फतेही ने वर्कआउट लुक में अपनी बेहतरीन फोटोज शेयर की हैं. इन तस्वीरों में नोरा फतेही बहुत फिट और हॉट लग रही हैं. फोटोज में नोरा ने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है. नोरा फतेही ने स्काई ब्लू रंग की स्पोर्ट्स ब्रा पहनी है. उन्होंने कई फोटोज में कई तरह के पोज दिए हैं. नोरा फतेही के फोटोज पर उनके फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं. ज्यादातर लोगों ने उन्हें खूबसूरत और हॉट बताया है. नोरा फतेही ने इससे पहले जींस और टीशर्ट में अपने बेहतरीन फोटो शेयर किए थे. इसमें वह काफी हॉट लग रही थीं. नोरा फतेही म्यूजिक एल्बम के अलावा रियलिटी शोज में, म्यूजिक वीडियोज और मूवी में भी नजर आ चुकी हैं.

## अविका गोर तेलुगु वेब सीरीज के साथ करेंगी ओटीटी डेब्यू



टीवी सीरियल बालिका वधु से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अविका गोर क्षेत्रीय भाषा की वेब सीरीज से ओटीटी पर डेब्यू करने वाली हैं। यह तेलुगु वेब सीरीज बंगला वेब सीरीज इंदू का रीमेक होगा। अविका ने इसकी चुनौतियों के बारे में बात की।उन्होंने कहा, रीमेक में काम करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि लोग पहले ही अद्भुत काम देख चुके होते हैं और उसे पसंद कर चुके होते हैं।

इसलिए रीमेक में काम करना हमेशा ही मुश्किल और चुनौतीपूर्ण होता है। यह एक थ्रिलर है जिसमें कॉमेडी या रोमांस के मुकाबले ज्यादा परफॉर्मेंस की जरूरत होती है। यह काफी उत्साहजनक है क्योंकि मैंने इसके बंगाली वर्जन के दोनों सीजन देखे हैं। इंदू की भूमिका में तेलुगु और दूसरी भाषाओं में इसका हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं।

अविका ससुराल सिमर का, खतरों के खिलाड़ी 9, खतरा खतरा खतरा आदि में भी काम कर चुकी हैं। वह कृष्ण भट्ट की 1920: हॉर्स ऑफ द हार्ट में भी काम कर रही हैं जो जल्द आने वाली है।उन्होंने कहा, यह मेरी पहली वेब सीरीज है, इसलिए मैं उत्साहित हूं। यह रोचक है।

मैंने कोई वेब सीरीज नहीं की है। बड़े पैमाने पर इसे करने के लिए हॉटस्टार अच्छा माध्यम है। मेरे लिए इसके साथ आगे बढ़ने के लिए यह प्लेटफॉर्म काफी बड़ा है। यही कारण है कि मैंने इसे चुना है। एसवीएफ प्रोडक्शन भी अच्छा है और बंगाली कंटेट के लिए काफी जाना-माना नाम है। शूट मई में शुरू होगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### अर्जुंदा आत्मानंद स्कूलः एलकेजी में 30 सीटों के लिए 246 आवेदन, 158 पात्र व 88 अपात्र

**बालोद।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल अर्जुन्दा में प्रवेश के लिए मिले ऑनलाइन आवेदनों का सत्यापन हो चुका है। एलकेजी में 30 सीटों पर प्रवेश के लिए कुल 246 आवेदन मिले हैं। जिसमें 158 पात्र और 88 अपात्र हैं। इसी तरह कक्षा पहली में 50 सीटों के लिए मिले 233 में से 135 आवेदन पात्र है। वहीं 98 अपात्र हैं। पात्र आवेदनों के आधार पर लॉटरी निकाली जाएगी। प्राचार्य नीलम कौर ने बताया कि एलकेजी व कक्षा पहली में प्रवेश के लिए 200 से ज्यादा आवेदन मिले हैं। वेरिफिक्रेशन के बाद पात्रता लिस्ट अनुसार पालकों को सूचना दे दिए हैं। एलकेजी में निर्धारित सीट की तुलना में 6 गुना ज्यादा आवेदन मिले। कक्षा पहली में 50 सीट है। जिसके लिए तीन गुना ज्यादा आवेदन मिले थे। वेरिफिक्रेशन के बाद स्थिति बदल गई है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए शासन, शिक्षा विभाग स्तर से 10 अप्रैल से 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन करने का समय निर्धारित था। पात्र व अपात्रों की सूची शनिवार को नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। जिसके लिए दावा आपत्ति 8 मई दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। दावा आपत्ति निराकरण के बाद 9 मई को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लॉटरी निकालने की प्रक्रिया होगी। 11 से 15 मई के बीच प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। अर्जुंदा के अलावा जिले के अन्य स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भी एडमिशन प्रक्रिया चल रही है। जहां निर्धारित सीट से ज्यादा आवेदन मिलने पर लॉटरी निकाली जाएगी।

### डांस, पेंटिंग और क्राफ्ट क्लास प्रशिक्षण शिविर का समापन

**गरियाबंद।** स्वावलम्बी महिला विकास समिति द्वारा नन्हें बच्चों के लिए आयोजित निशुल्क डांस प्रशिक्षण के साथ पेंटिंग, क्राफ्ट समर कैंप का आयोजन सिविल लाइन स्थित भवन में किया गया जिसका आज शनिवार को शाम समापन हुआ। एक माह तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में नगर के 3 से 14 वर्ष के 30 बच्चों को डांस की विभिन्न कलाओं के साथ साथ पेंटिंग,क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों के माता पिता ने स्वावलम्बी महिला विकास समिति की सराहना करते हुए कहा कि समिति से जुड़ी महिलाएं गृहस्थ जीवन में अपनी भूमिका निभाने के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी बेहतर कार्य कर रही है।समय-समय पर उनके द्वारा महिलाओं तथा हमारे बच्चों के विकास के लिए आयोजित किए गए कार्यक्रमों से बच्चों और महिलाओ का आत्मविश्वास बढ़ा है।गर्मी की छुट्टी में बच्चों के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी सराहनीय है। गर्मी के दिनों में बच्चे घर में ही रहते हैं, ऐसे में निशुल्क डांस क्लास पेंटिंग क्रपाट जैसे अन्य एक्टिविटी क्लास से उन्हे काफी कुछ सीखने को मिला। बड़े संख्या में बच्चों की मौजूदगी से स्पष्ट है कि डांस क्लास के चलते बच्चों का रूझान भी डांस के प्रति बढ़ा है और बच्चों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया।

### मौसम का मिजाज हैःदो दिन धूप के बीच छाए रहेंगे बादल, अब 9 मई से बढ़ेगी गर्मी

**बालोद।** अधिकतम तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा। शुक्रवार की तुलना में अधिकतम तापमान 2 डिग्री व न्यूनतम तापमान एक डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में इजाफा होने का दौर आगे भी जारी रह सकता है, क्योंकि वर्तमान में द्रोणिका व चक्रवात का असर नहीं हो रहा है। हालांकि बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवा आ रही है। इस वजह से बादल छाए रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार व सोमवार को धूप के बीच बादल छाए रहने के आसार है। जिसके बाद 9 मई से मौसम साफरहने व गर्मी बढ़ने के आसार है। 10 से 13 मई के बीच दिन का पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहने का अनुमान है। इस वजह से गर्मी बढ़ेगी। दूसरे राज्य में द्रोणिका, चक्रवात सक्रिय है। जिसका असर यहां नहीं पड़ेगा। बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवा आने की वजह से शाम, रात को कहीं-कहीं बौछारें पड़ने का अनुमान है।

7 मईः अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। अधिकतम तापमान में 2 डिग्री का इजाफा होने से गर्मी व उमस का अहसास होगा। मौसम साफरहने के आसार हैं। दोपहर में धूप के बीच बादल छाए रहने का अनुमान है। वातावरण में नमी की मात्रा 44 फीसदी रहने व 11 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है।

8 मईः अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में इजाफा होने से सुबह से रात तक गर्मी व उमस का सामना करना पड़ सकता है। वातावरण में नमी की मात्रा 39 फीसदी रहने व 10 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है।

9 मईः अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है।

### आयुक्त ने सुपर वायजर को दिया विशेष अधिकार

# खुले में कचरा फेकने वालों से वसूल करेगा जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। शहर की सुंदरता बिगाडने वालों पर जन स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर नजर रखेंगे। नगर पालिक निगम के आयुक्त आशीष देवांगन ने सुपर वाइजर को विशेष अधिकार दिया है। अब वे गंदगी फैलाने वालों से सीधे जुर्माना वसूल सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविंद चतुर्वेदी की उपस्थिति में जुर्माना राशि भी निर्धारित की गई। खुले स्थान पर कचरा फेकने और गीला व सूखा कचरा एक कर देने पर 50-50 रूपए अर्थदंड वसूला जाएगा।**




समीक्षा बैठक में आयुक्त ने कहा शहर की पहचान वहा की सफाई व्यवस्था से होती है। सफाई व्यवस्था के आधार पर निगम की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी को नजर रखनी होगी।

आयुक्त ने निर्देश दिए है कि सुपरवाइजर अपने अपने वार्ड में विशेष मानिटरिंग करे। साथ ही मुहल्ले के नुकड़, सड़क किनारे, खुले स्थान पर कचरा फेकने और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में गीला और सूखा कचरा अलग अलग नहीं देने वालों से निर्धारितअर्थदंड वसूल करे। आयुक्त ने इसके लिए प्रत्येक सफाई सुपर वाइजर को रसीद बुक उपलब्ध कराने कहा। बैठक में स्वास्थ विभाग के नोडल अधिकारी नितीश अमन साहू, जनस्वस्थ विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेंद्र परिहार, सुपर वाइजर व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### बनाए कार्ययोजना

आयुक्त ने निर्देश दिए कि सफाई के लिए प्रत्येक सुपर वाइजर कार्य योजना बनाए। वार्ड की सड़क व नाली को सूची बद्ध कर उसकी सफाई के लिए टार्गेट निर्धारित करे। सुबह 12 बजे तक हर हाल में कार्य पूर्ण कर वार्ड में किसी एक जगह को चिन्हित कर सयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाए।

#### घर के सामने मलबा तो भी जुर्माना

बैठक में निर्णय लिया गया कि जन स्वास्थ्य विभाग सी एन डी (मलबा) फेकने वालों पर भी कार्यवाही करे। मलबा फेकने वालों से जुर्माना वसूल करे। जिसके घर के पास मलबा मिले उससे अनिवार्य रूप से अर्थदंड वसूले।

#### आयुक्त करेंगे निरीक्षण

आयुक्त ने कहा कि सुपर वाइजर को प्रत्येक दिन कार्य योजना देना होगा। कार्य योजना के आधार पर सफाई व्यवस्था हो रही है कि नहीं इसकी समीक्षा वे मौके पर करेंगे। गड़बड़ी मिलने पर कार्यवाही की जाएंगी।

## मणिपुर हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण भारत सरकार उठा रही है तमाम जरूरी कदम - किरेन रिजिजू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली(एजेंसी)। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री और नॉर्थ ईस्ट के अरुणाचल प्रदेश से लोक सभा सांसद किरेन रिजिजू ने मणिपुर की हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्वयं निगरानी कर रहे हैं और सरकार की तरफ से जो भी जरूरी कदम उठाने चाहिए, वह सब कदम उठाए जा रहे हैं।**



मणिपुर के हालात को लेकर दिल्ली में मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मणिपुर में दुर्भाग्य से जो हिंसा हुई है उसे लेकर जो भी कदम उठाने चाहिए वो भारत सरकार, खासतौर से केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उठाए जा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह स्वयं हालात की निगरानी कर रहे हैं और जो भी जरूरी है वह तमाम कदम भी उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास भी नॉर्थ ईस्ट के कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य लोगों के फोन आ रहे हैं। जो भी संभव कदम उठाने चाहिए, वो सब भारत सरकार की तरफ से उठाए जा रहे हैं।

मणिपुर के लोगों से शांति की अपील करते हुए रिजिजू ने कहा कि दो समुदाय के बीच जब इस तरह की घटनाएं होती हैं तो यह बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण होता है। इस हिंसा में कई जानें गईं है, नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सब भाई-भाई हैं, एक ही देश के है। मणिपुर के चाहे मैतेई हो या चाहे कुकी हो, ये सब एक ही राज्य के तो हैं इसलिए सबको मिलजुलकर रहना चाहिए और गलतफहमी को बातचीत करके सुलझाया जा सकता है।

राज्य के लोगों से विकास के लिए शांति की अपील करते हुए केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नॉर्थ ईस्ट विकास के मामले में बहुत आगे बढ़ चुका है अब इसको हिंसा से नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा नॉर्थ ईस्ट बहुत खूबसूरत है, हमारा मणिपुर भी बहुत खूबसूरत राज्य है। लेकिन इस खूबसूरत नॉर्थ ईस्ट को और तेजी से आगे ले जाने के लिए शांति चाहिए। इसलिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के गाइडेंस में शांति बहाल करने के लिए जो फोर्स तैनात की गई है या जो अन्य कदम उठाए जा रहे हैं, सबको इसका समर्थन करना चाहिए।

## वी-कैन शाइन फाउंडेशन तथा छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्ट्रीज के तत्वावधान में वुमेन नेटवर्क संगोष्ठी आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।बॉम्बे मार्केट रायपुर स्थित चेम्बर भवन में वी-कैन शाइन फाउंडेशन तथा छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंड्रस्ट्रीज (महिला विंग) के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें 50 से अधिक कामकाजी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।**

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्ट्रीज (महिला विंग) की प्रेसिडेंट मधु अरोरा ने बताया कि चेम्बर की हमेशा से कोशिश रही है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं हम से जुड़ें और हमने ऐसा मंच प्रदान करें कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं व्यवसाय करने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने महिलाओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं मल्टी टास्किंग में सक्षम होती हैं परंतु वर्क लाइफ बैलेंस एक बहुत बड़ी चुनौती है। वी-कैन शाइन फाउंडेशन की डायरेक्टर प्रीति उपाध्याय ने बताया कि Woman Network नाम से आयोजित कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहाँ वह एक दूसरे से संपर्क कर एक दूसरे का उत्साहवर्धन करें एवं कार्यस्थल की चुनौतियों एवं उनके समाधानों पर एक दूसरे का मार्गदर्शन कर सकें। कार्यक्रम के प्रायोजक अनुष्यामा, गायत्री पूजन सामग्री एवं राघव एडवरटाइजिंग की ऋचा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का थीम Professional Network of Woman to connect support and grow togather उन्हें बहुत पसंद आया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं का कहना था कि ऐसे मंच कि उन्हें आवश्यकता थी और इसे निरंतर जारी रखना होगा। कई महिलाओं ने अपने हाथ से बनाएं प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी भी लगाई। कार्यक्रम में महिला चेम्बर अध्यक्ष मधु अरोरा, इंदिरा जैन, प्रीति उपाध्याय, ऋचा अग्रवाल, नेहा दुबे, स्वाति पांडे, डॉ. प्रतिभा शर्मा, कवलीन खनूजा, जया जादवानी, दीपिका बाजपेयी, दीपा शुक्ला, अंजना राव, जयश्री निषाद, रश्मि ड्रोलिया, गीता मंगवानी, अनुषा श्रीवास्तव, प्रगति बाजपेयी, आर.जे.अंजनी, आर.जे. निक्की, आर.जे.नेहा, गजलक्ष्मी नारायणी, विधि रेवलानी, आशा बघेल, गरिमा गोयल, मंजू मिश्रा, अनुश्री कीर्ति, प्रभा साहू, कुणाल शुक्ला, मेघा सहाय, सृष्टि त्रिवेदी, सोमा घोष, प्रीति दोशी, सीमा बघेल सहित प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## संयुक्त जिला स्तरीय निःशुल्क विशाल जनस्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में जनसामान्य ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव। जिला प्रशासन राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के संयुक्त तत्वावधान में संयुक्त जिला स्तरीय निःशुल्क विशाल जनस्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतम माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव में किया गया। इस अवसर पर शिविर में दूर-दराज से बड़ी संख्या में आए जनसामान्य, दिव्यांगजन, बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया।**



एक ही स्थान पर सभी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होने तथा विशेषज्ञों द्वारा उपचार एवं परामर्श के कारण दोनों जिलों के लगभग 2907 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दलेश्वर साहू, कलेक्टर राजनांदगांव श्री डोमन सिंह, कलेक्टर मोहला- मानपुर-अम्बागढ़ चौकी श्री एस जयवर्धन ने शिविर का अवलोकन किया। कलेक्टर राजनांदगांव श्री डोमन सिंह ने आज प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शिविर में कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी, डॉक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि काफी दूरदराज क्षेत्रों से लोग आए हैं। उन्हें योजनाबद्ध तरीके से सेवाएं दी गई हैं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के साथ ही इस शिविर में सेवाएं देने वाले सभी विभाग को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज यहां शिविर में जिन मरीजों का ईलाज किया गया है, उनका फॉलोअप लेंगे। शासन-प्रशासन की ओर से जनसामान्य की स्वास्थ्य जागरूकता के लिए यह पहल की गई है। ताकि दूरस्थ अंचल के लोग इस शिविर से लाभान्वित हो सकें और उन्हें आसानी से चिकित्सा सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल सकें।

कलेक्टर मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी श्री एस जयवर्धन ने कहा कि राजनांदगांव कलेक्टर श्री डोमन सिंह के सहयोग से संयुक्त रूप से जनसामान्य के स्वास्थ्य परीक्षण तथा दिव्यांग मरीजों की पहचान के लिए के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया हैं। यहां बहुत अच्छा शिविर का आयोजन हुआ है। आने वाले समय में नये जिले मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में भी स्वास्थ्य शिविर कराएंगे। सभी मरीजों का फॉलोअप लेते हुए उनके स्वास्थ्य ठीक होने तक आगे कार्य करेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमित कुमार ने कहा कि सभी ने शिविर में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाई, योजना के सही तरीके से क्रियान्वयन के लिए सभी को बहुत धन्यवाद। मरीजों को चिन्हांकित कर उनके उपचार के लिए शिविर तक लाया गया। इसके लिए एसडीएम, सभी जनपद सीईओ को बहुत धन्यवाद। दोनों जिलों के मरीजों एवं अधिकारी सभी मरीजों का फॉलोअप लिया जाएगा। मरीजों को यहां तक लाने के समुचित व्यवस्था की गई और सभी डॉक्टर, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों का योगदान और सहभागिता रही। शिविर में 2907 मरीजों का पंजीयन किया गया।

# सुपरहिट हुई वंदे भारत, छह दिन में कमाए 2.70 करोड़, 14 मई तक हाउसफुल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय रेल की तरफ से सुदूर दक्षिण राज्य केरल में हाई स्पीड ट्रेन की सेवा शुरू करने के बाद सिर्फ छह दिनों में वंदे भारत एक्सप्रेस ने 2 करोड़ 70 लाख रुपये की कमाई कर ली है। कासरगोड से तिरुवनंतपुरम के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन ने टिकटों के मामले में सबसे अधिक कमाई की है। वंदे भारत एक्सप्रेस ने 28 अप्रैल से 3 मई के बीच चलने के दौरान बंपर कमाई करते हुए रेलवे के लिए करोड़ों रुपये बटोरे हैं।



छह दिनों में हुई इतनी कमाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाई गई हरी झंडी के बाद इस ट्रेन को लोगों ने हाथों-हाथ लिया है। वंदे भारत एक्सप्रेस ने 28 अप्रैल को तिरुवनंतपुरम-कासरगोड सेवा के लिए 19.5 लाख बटोरे। वहीं 29 अप्रैल को 20.30 लाख, 30 अप्रैल को 20.50 लाख, 1 मई को 20.1 लाख, 2 मई को 18.2 लाख और 3 मई को 18 लाख रुपये रेलवे के खजाने में भर दिए। साउथ के राज्यों के चलने वाली वंदे भारत ट्रेनों की तुलना में केलर में चलने वाली हाई स्पीड ट्रेन सोने के समान है। तिरुवनंतपुरम से कासरगोड तक की सेवा के लिए औसत टिकट कलेक्शन 18 लाख रुपये है। इस दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस में 27,000 लोगों ने सफर किया और 31,412 बुकिंग की जा चुकी है।

हालांकि किराया अधिक है फिर भी अधिक यात्रियों ने एग्जीक्यूटिव क्लास को प्रेफर किया। 14 मई तक के सभी टिकट पहले ही बिक चुके हैं। हालांकि, ऐसा भी बताया जा रहा है कि इस रूट पर वंदे भारत ट्रेन अपने अपेक्षित गति से नहीं चल रही है और अन्य ट्रेनों को क्रॉस कराने के लिए वंदे भारत रुकी हुई नजर आई। लेकिन रेलवे ने जवाब दिया कि वंदे भारत ट्रेन को लेकर शेड्यूल का पालन किया जा रहा है। वंदे भारत से हुए टिकट कलेक्शन इस बात की तरफ इशारा करता है कि यह ट्रेन केरल में पूरी तरह से हिट है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि लोग पर्यटन के लिहाज से केरल आते हैं और अलग-अलग जगहों पर जाने के लिए इस ट्रेन को प्रेफर कर रहे हैं। वंदे भारत ट्रेन कम समय में गंतव्य तक पहुंचने के साथ एक आरामदायक यात्रा भी मुहैया कराती, जो हवाई यात्राओं में भी नसीब हो पाता है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा (ए)।** वन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति आदेश जारी करने वाले फ्रॉड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी भुनेश खुंटे निवासी मड़वा थाना गिधौरी जिला बलौदा-बाजार का रहने वाला है। वही आरोपी के कब्जे से फर्जी नियुक्ति पत्र और मोबाईल बरामद किया है. वही प्रकरण में फरार अन्य आरोपी की तलाश पुलिस कर रही है।

बता दें कि जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। बिना रिफ्लेक्टर के वाहन चलाते पाया गये 27, अवैधानिक रूप से नो पार्किंग में खड़ी किए गए 17 एवं मोटरसाइकिल में तीन सवारी चलाते पाया गया 13 वाहनों पर कार्यवाही किया गया। मोटरयान अधिनियम के विभिन्न धाराओ के तहत कुल 80 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 27100 रूपये समन शुल्क लिया गया है।

### किशोरी का दैहिक शोषण, आरोपी को 20 वर्ष की कैद

**रायगढ़ (ए)।** किशोरी को शादी का झांसा देकर अनियंत्र भगा ले जाने और दैहिक शोषण करने के मामले में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने आरोपी को दोष सिद्ध करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास व अर्थदण्ड से दंडित किया है। अभियोजन का मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि पीडिता की माता द्वारा 13 जनवरी 2022 को थाना चक्रधरनगर रायगढ़ में उपस्थित होकर इस आशय की लिखित शिकायत किया गया कि पीडिता जो उसकी पुत्री है, उम्र 16 वर्ष 04 माह है। 01 नवंबर 2021 को वह काम करने चली गई थी शाम करीब 7 बजे घर वापस आई तो पीडिता घर पर नहीं थी। आसपास पता नहीं चलने पर थाना मे मौखिक सूचना दिया था, जिस पर पीडिता का पता तलाश करने पर मिलने पर उसे सौंपा गया था। जिसे 03 नवंबर 2021 को मोहल्ले का राकेश सिदार द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री पीडिता को शादी करने का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर जबरदस्ती भगा ले जाकर मणिकंचन कुड़ा गोदाम टीव्ही टावर मे रखा उसके बाद चन्द्रपुर ले गया था। दो दिन बाद अपने घर कौहाकुण्डा मे लाकर रखा था। पता चलने पर पीडिता को लाने उसके घर जाने पर भेजने से मना किया, तब वह बाल कल्याण समिति रायगढ़ मे पीडिता को बन्धक से मुक्त कराने के संबंध में आवेदन दी, तब बाल कल्याण समिति द्वारा 21 दिसंबर 2021 को रेसक्यू कर सदन मे रखे थे। जिसे सदन से 13 जनवरी 2022 को घर लाकर पूछताछ करने पर पीडिता बताई कि राकेश सिदार के द्वारा उसे शादी करने का प्रलोभन देकर अपने साथ जबर्दस्ती भगाकर ले गया था और शारीरिक शोषण किया था।

### गांजा ब्रिकी करते एक गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** गांजा बिक्री करने वाला एक आरोपी तोरवा पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 1 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त की है। आरोपी के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसपी संतोष कुमार सिंह के द्वारा नशे के अवैध व्यापार करने वालों की धरपकड़ करने निर्देशित किया गया था। इस निर्देश पर थाना क्षेत्र में अवैध गांजा बिक्री करने वालों की धरपकड़ के लिए मुखबिर तैनात किया गया है। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति, आरटीएस कॉलोनी आधारशिला स्कूल के पास एक व्यक्ति पास अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री करने ग्राहक की तलाश कर रहा है।

### खाना बनाने से मना करने पर पत्नी की बेरहमी से हत्या

# गांव वालों को बताया बीमार थी पत्नी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में खाना बनाने से मना करने पर पत्नी की हत्या का मामला सामने आया है। शनिवार को सुबह जब महिला की मृत पाई गई तो पति ने बीमारी से मौत हो जाने की कहानी बताई। गांव वालों ने अंतिम संस्कार की तैयारी भी कर ली थी लेकिन इस बीच किसी ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची मो मृतका की बेटी ने अपने पिता की करतूत बताई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पीएम के बाद परिजनों के हवाले किया गया।





मिली जानकारी अनुसार घटना बगीचा थाना क्षेत्र ग्राम पुरंगा की है। पुलिस ने बताया कि यहां रहने वाला सत्यप्रकाश कोरवा गुरुवार की शाम घर लौटा और पत्नी चंद्रमुनी कोरवा से खाना मांगा तो उसने पड़ोस में शादी होने की बात कहते हुए खाना बनाने से मना किया। इसी बात से पति नाराज हो गया और अपनी पत्नी की बेदम पिटाई कर दी। पिटाई से बेहाल हो गया। दूसरे दिन सुबह उसकी तबीयत काफी खराब थी। पति की पिटाई के कारण उसकी हालत ठीक नहीं थी। दूसरे दिन सुबह उसकी मौत हो गई।

इधर मौत हो परिवार वालों ने चंद्रमुनी कोरवा की मौत तबीयत खराब रहने के कारण होने की बात बताई। इसके बाद गांववालो ने उसे अंतिम संस्कार की तैयारियां भी कर ली थी। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो महिला के शव पर चोट के कई निशान थे। इसके बाद पुलिस ने शव का पीएम कराने भेजा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की बेटी ने अपने पिता की हैवानियत की सारी कहानी पुलिस को बता दी।

#### नशे का आदी है आरोपी

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपनी पत्नी की पिटाई की बात मानी। उसने बताया कि उसने अपनी पत्नी को खाना बनाने को कहा तो उसने मना कर दिया। भूखा होने के कारण उसे गुस्सा आया और उसने अपनी की पत्नी की पिटाई कर दी। आरोपी ने बताया कि उसने तीन से चार घंटों तक अपनी पत्नी की पिटाई की थी। इसके दूसरे दिन सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया आरोपी नशे का आदी था और अपने घर पर गांजे का पौधा उगा रखा था। पुलिस ने गांजे के पौधे को भी नष्ट कराया है।

## बारातियों से भरी स्कॉर्पियो पलटी, 2 की मौत बाइक वाले को बचाने के चक्कर में हादसा



**सरगुजा (ए)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में हुए सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई है। जबकि 4 लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि यहां बारातियों से भरी पिकअप गाड़ी पलट गई। यह हादसा एक बाइक वाले को बचाने के चक्कर में हुआ है।


लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जजगा से ग्राम पतराटोली सलका बारात गई थी। बारात में शामिल होकर कुछ युवक स्कॉर्पियो से घर लौट रहे थे। ये अभी अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे पर ग्राम रजपुरी के पास पहुंचे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया है।

बताया गया है कि स्कॉर्पियो के सामने अचानक से एक बाइक सवार आ गया था। ऐसे में ड्राइवर को समझ नहीं आया और बाइक वाले को बचाने के चक्कर में गाड़ी पलट गई। गाड़ी पलटने के बाद सड़क किनारे चले गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही जजगा निवासी विकास सिंह मौत हो गई। वहीं 5 लोग घायल हुए थे।

हादसे के बाद आस-पास के लोगों की मदद से घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। यहां इलाज के दौरान कमलभान सिंह की मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शादी वाले घर में मातम पसर गया है। लखनपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एलआईसी एजेंट की मिली सड़ी गली लाशः फंदे में कई दिनों से झूल रही थी बॉडी, सड़ने पर बदबू आने के बाद हुआ खुलासा

**भिलाई (ए)।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक एलआईसी एजेंट की सड़ी गली लाश मिलने का मामला सामने आया है। एजेंट हाउसिंग बोर्ड खमरिया के दीनदयाल आवासीय परिसर में एफ 401 में रहता था। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम से उसके कमरे से बदबू आ रही थी। जब बदबू असहनीय हो गई तो लोगों ने पुलिस को फोन किया। मौके पर पुलिस पहुंचकर दरवाजा तोड़कर देखा तो फंदे में कई दिन पुराना शव लटका हुआ था।



स्मृति नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पं. दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी में रहने वाले अनुपम तिवारी (42 साल) की फंदे में लटकी हुई लाश मिली है। उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। अनुपम पेशे से एलआईसी एजेंट था और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करता था। पुलिस ने पूरे कमरे को सील करके शव को फंदे से नीचे उतरवाया। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई करके शव को पीएम के लिए भेजा गया। अनुपम ने फांसी क्यों लगाई पुलिस इसका पता लगाने के लिए कॉलोनी में रहने वाले और उसके परिचित व परिजनों से पूछताछ कर रही है। लेकिन कई मामलों पर जांच की जा रही है।

पुलिस ने प्रथम दृष्ट्या जांच में पाया कि अनुपम ने फांसी तीन से चार दिन पहले लगाई है। उसका शव बुरी तरह सड़ गया था। बॉडी में कीचे पड़ने लगे थे और तेज दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने किसी तरह शव को पीएम के लिए भेजा और कमरे को सील कर दिया है।

#### कमरे की तलाशी से खुल सकता है खुदकुशी का राज

स्मृति नगर पुलिस के मुताबिक अनुपम फ्लैट में अकेले ही रहता था। उसके कमरे से इतनी तेज दुर्गंध आ रही थी कि वह खड़े भी नहीं रहा जा सकता था। इसके चलते शव को किसी तरह फंदे से उतार कर पीएम के लिए भेजा गया है। कमरे को सील कर दिया गया है। बात में कमरे की तलाशी ली जाएगी। यदि कमरे से कोई सुसाइड नोट या उसके मोबाइल से कोई क्लू मिलता है तो खुदकुशी के कारण का पता चल जाएगा।

### नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की खुदकुशी

## परीक्षा से एक दिन पहले लगाई फांसी, परिजन बोले- मेरा बेटा आत्महत्या नहीं कर सकता

**भिलाई।** दुर्ग जिले में रहकर नीट की तैयारी करने वाले छात्र ने परीक्षा से एक दिन पहले फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। परिजनों का कहना है कि उनका बेटा खुदकुशी नहीं कर सकता है। पुलिस को मामले की गंभीरता से जांच करनी चाहिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे को सील करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



नेवई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रभात कुमार निषाद बेमेतरा जिले के बेरला का रहने वाला था। और नीट परीक्षा की तैयारी करने के लिए पिछले एक साल से दुर्ग में किराये से कमरा लेकर रहता था। रविवार यानि आज नीट की परीक्षा है। और एक दिन पहले शनिवार शाम उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

#### आत्महत्या का कारण जानने जांच में जुटी पुलिस

पुलिस का कहना है कि उन्हें छात्र के कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि वो पढ़ने में भी काफी अच्छा था। इसके बाद भी उसने खुदकुशी क्यों की यह समझ से परे है। पुलिस ने प्रभात का मोबाइल जब्त करके उसकी जांच शुरू कर दी है। परिजनों और मृतक के दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है।

#### प्रभात के पिता शिक्षक हैं

मृतक प्रभात के पिता कमलेश निषाद शिक्षक हैं। प्रभात की मौत की खबर सुनकर परिजन तुरंत भिलाई पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि प्रभात नीट की परीक्षा को लेकर काफी गंभीर था। इसीलिए वह तैयारी और अच्छी कोचिंग करने भिलाई आया था।

## युवक की सिर कुचल कर हत्या, गांव की गली में पड़ा मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में युवक की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। युवक का शव शनिवार को गांव की गली में पड़ा मिला है। जिस जगह पर शव मिला वहां कुछ आपसी संघर्ष के निशान भी मिले हैं। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। मामला बेमेतरा के कोतवाली थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा जिले के रौंदा गांव में शनिवार सुबह ग्रामीण निकले तो राधेश्याम साहू की बाड़ी के सामने गली में युवक का रक्तरंजित शव पड़ा था। शव देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शव की शिनाख्त गांव के ही रहने वाले मोहन साहू (40) पुत्र रामाधार साहू के रूप में हुई है। पुलिस को शव के आसपास पत्थर और आपसी संघर्ष के निशान मिले हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि मृतक को दूसरे युवकों से विवाद हुआ और मारपीट के बाद पत्थरों से कुचलकर इसकी हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने इस मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। फिलहाल पुलिस ने हत्या की वजह नहीं बताया है। माना जा रहा है हत्या का कारण आपसी रंजिश भी हो सकती है।

## राजनांदगांव में बस-ट्रेलर की आमने-सामने से टक्कर, बस चालक की मौत, कई यात्री घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** यहां नेशनल हाइवे पर अंजोरा बाइपास के पास तेज रफ्तार ट्रेलर व बस आमने सामने से भिड़ गए। हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं बस में सवार 10 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर सोमनी थाने की टीम पहुंची। घायल यात्रियों को दुर्ग जिला अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल पुलिस हादसे की जांच कर रही है।




मिली जानकारी के अनुसार हादसा अंजोरा बायपास व नेशनल हाइवे के मोड पर हुआ है। राजनांदगांव की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रेलर ने दुर्ग की ओर आ रही बस को सामने से ठोकर मार दी। टक्कर से बस का सामने का हिस्स क्षतिग्रस्त हो गया और चीख पुकार मच गई। हादसे में बस चालक की मौके पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को दुर्ग जिला अस्पताल पहुंचाया है जहां पर तीन घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

बताया जा रहा है बस में काफी ज्यादा सवारी भरे हुए थे और मोड़ पर चालक बस को नियंत्रित नहीं कर पाया। सोमनी थाना प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि बस-ट्रेलर की भिड़की सूचना पर पुलिस पार्टी को रवाना किया गया। बस चालक की मौत हो गई है और कई यात्री घायल हैं। घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















## खास - खबर

### दुर्ग जिला थोक उपभोक्ता भंडार के विनोद ताम्रकार बने अध्यक्ष

**दुर्ग।** दुर्ग जिला थोक उपभोक्ता भंडार के विनोद ताम्रकार निर्विरोध अध्यक्ष बने है। इसी प्रकार श्रीमती अनीता लोढ़ा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई है। शनिवार को सदर बाजार स्थित कार्यालय में चुनाव की प्रक्रिया पूरी की गई। अध्यक्ष पद के लिए विनोद ताम्रकार और उपाध्यक्ष पद के लिए अनीता लोढ़ा ने नामांकन दाखिल किया था। उक्त पदों पर किसी अन्य के नामांकन नहीं आने से विनोद ताम्रकार को अध्यक्ष व अनीता लोढ़ा को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अलावा दुर्ग जिला थोक उपभोक्ता भंडार के प्रतिनिधियों का निर्वाचन भी किया गया। जिसके अनुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक प्रतिनिधि शिवराज राऊत,मध्यप्रदेश राज्य सहकारी तिलहन संघ प्रतिनिधि शशांक अग्रवाल,जिला सहकारी संघ ज्ञानेशवर ताम्रकार,विपणन सहकारी संघ और राज्य सहकारी संघ भोपाल प्रतिनिधि कामता प्रसाद चंद्राकर,भिलाई थोक उपभोक्ता भंडार प्रतिनिधि अशोक दुग्गड़,जिला सहकारी मुद्रालय प्रतिनिधि सुरेश जैन निर्वाचित हुए है। यह चुनाव निर्वाचन अधिकारी एके सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिला थोक उपभोक्ता भंडार के नवनियुक्त अध्यक्ष विनोद ताम्रकार पूर्व पार्षद रह चुके है। उन्हें बधाईयों का तांता लगा हुआ है। श्री ताम्रकार को पूर्व पार्षद श्याम शर्मा, विष्णु साहू,रामकुमार ठाकुर, शिव चंद्राकर, दीपेन्द्र देशमुख, विजय ताम्रकार, उपभोक्ता भंडार मुख्य कार्यपालन अधिकारी निर्मल वर्मा, छत्रपाल चंद्राकर, नरसिंह चंद्राकर, सुकालू साहू, लक्ष्मी शर्मा के अलावा अन्य लोगों ने बधाई दी है।

### निगम क्षेत्र में आवारा घूमने वाले 68 मवेशियों को पकड़ा गया

**भिलाई।** भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए महाअभियान चलाया जा रहा है। निगम क्षेत्र में अवाारा घूमने वाले मवेशियों से किसी को परेशानी न हो इसे देखते हुए भिलाई निगम की टीम सभी जोन क्षेत्रों में तिथि वार आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान चला रही है। अभियान के तहत इस माह में 68 आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान भेजा गया है। आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए आयुक्त रोहित व्यास ने निर्देश दिए हैं। रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ घूम-घूम कर आवारा मवेशी को पकड़ रहे हैं। काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे गौठान में छोड़ा जा रहा है। भिलाई निगम की टीम मुख्य रूप से शहर के सभी मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों के किनारे घूमने वाले मवेशियों को टारगेट करते हुए मार्केट, सर्विस रोड, सार्वजनिक स्थान, तथा जीई रोड के किनारे चलने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ रही है। आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों एवं मार्केट में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को समस्या से निजात दिलाने निगम की टीम पशुओ को पकड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं। माह भर से चल रहे विशेष अभियान में निगम क्षेत्र के सभी वार्डों से आवारा मवेशी पकड़ने रूट चार्ट बनाकर कार्य कर रहे है। सभी क्षेत्रों में आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए है। इसी के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। मवेशियों को पकड़ने के दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए निगम की टीम दो काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रहे है।

विधायक देवेन्द्र की पहल

# मानव परिसर सेक्टर 9 के तालाब का होगा सौंदर्यीकरण, पानी गंदा न हो लगेगा ऐसा सिस्टम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर निगम भिलाई के सेक्टर 9 स्थित मानव परिसर स्थित तालाब का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। करीब 84 लाख की लागत से तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाना है। इसके लिए विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की है। विधायक की पहल के तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा।**

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार शहर के विकास को लेकर काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में शहर में कही किसी वार्ड में कोई विकास कार्य छूट गया हो। तो इसी लिए विधायक श्री यादव लगातार भेंट मुलाकात कर रहे हैं। भेंट मुलाकात करके लोगों से मिलकर उनका हालाचाल जान रहे हैं। साथ ही शहर के विकास को लेकर भी लोगों से चर्चा कर रहे है। लोगों से फिडबैक ले रहे हैं।

इसी कड़ी में कुछ समय पहले जब विधायक यादव सेक्टर 9 गए थे। तब उन्होंने सेक्टर 9 स्थिति मानव परिसर तालाब का निरीक्षण किए थे। निरीक्षण के बाद विधायक देवेंद्र यादव ने तालाब



के सौंदर्यीकरण कर इस तालाब को डेवलमेंट करने का फैसला लिया। क्योंकि यह तालाब वर्षों से उपेक्षित है। इसलिए विधायक श्री यादव ने निगम के अधिकारियों को तालाब के सौंदर्यीकरण करने का निर्देश दिए हैं। इसके तहत तैयारी शुरू हो गई है। करीब 84 लाख की लागत से तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

#### पानी साफकरेंगे फ्रि ऐसा सिस्टम बनाएंगे कि दोबारा गंदा ना हो

तालाब सौंदर्यीकरण करने के लिए निगम के इंजीनियरों ने पूरी तैयारी कर ली है। पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। सबसे पहले तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए पहले तालाब के पानी की सफाई की जाएगी। इसके लिए हाईटेक तकनीक अपनाई जाएगी। साथ ही ऐसा सिस्टम लगाया जाएगा।

#### 84 लाख की लागत से करेंगे तालाब सौंदर्यीकरण

तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए करीब 84 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य किया जाएगा। तालाब के जीर्णोद्धार के साथ सौंदर्यीकरण, रंग बिरंगी लाइटें लगाई जाएगी।

– **देवेंद्र यादव,** विधायक, भिलाई नगर

### साईं महाविद्यालय में छात्रों हेतु जीएसटी पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

**भिलाई ।** 6 मई को साईं महाविद्यालय सेक्टर 6 भिलाई में छात्रों हेतु वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग के द्वारा त्रस्ज्ञ पर व्याख्यान का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देशबंधु तिवारी के द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉक्टर रानी शुक्ला सेठ आरसीएस कॉलेज दुर्ग का परिचय दिया गया

डॉक्टर रानी शुक्ला के द्वारा छात्रों को जीएसटी के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई। 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में GST कानून लागू हो चुका है। पहले लगने वाले सभी टैक्सों को हटाकर, उनकी जगह, सिर्फ एक टैक्स त्रस्ज्ञ को लागू किया गया है। लेकिन, त्रस्ज्ञ लागू होने के 6 साल बीतने के बाद भी, इसकी संपूर्ण जानकारी एवं महत्व के संबंध में लोगों को जानकारी नहीं है जीएसटी का Full Form है- Goods And Services Ta& ।

## भारत सरकार के इस्पात सचिव ने बीएसपी के लौह अयस्क परिसर का दौरा किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के दौरे पर पहुंचे भारत सरकार के इस्पात सचिव ने श्री नागेंद्र नाथ सिन्हा, आईएएस ने आज दिनांक 6 मई 2023 को संयंत्र के दल्ली-राजहरा लौह अयस्क परिसर (आईओसी) का दौरा किया। दल्ली राजहरा भ्रमण के दौरान सिन्हा के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता भी साथ रहे। राजहरा गेस्ट हाउस में आगमन पर इस्पात सचिव का स्वागत मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (खान एवं रावघाट), समीर स्वरूप, महाप्रबंधक (खान-राजहरा) सी श्रीकांत, महाप्रबंधक (खान-दल्ली) पी एम शिरपुरकर, महाप्रबंधक (कार्मिक) एस के सोनी, महाप्रबंधक (खान) एम आर ठाकुर, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक) एम डी रेड्डी तथा



आईओसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया।

आगमन के तुरंत बाद, इस्पात सचिव श्री सिन्हा सीधे राजहरा मैकेनाइज्ड माइंस खदान गए। माइंस दौरे पर उनके साथ निदेशक प्रभारी दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (खान एवं रावघाट), स्वरूप सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी रहे। श्री सिन्हा ने खनन कार्यों में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस में क्रशिंग एंड स्क्रीनिंग प्लांट परियोजना, वाशिंग सर्किट में मॉडिफिकेषन एरिया और दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस में पेलेट प्लांट क्षेत्र सहित अन्य परियोजना स्थलों का दौरा किया।

## द केरल स्टोरी को छत्तीसगढ़ सरकार टैक्स फ्री करे : सरोज पांडे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी की सांसद (राज्यसभा) डॉ. सरोज पांडे ने 'द केरला स्टोरी' फिल्म को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने की मांग की है। डॉ. (सुश्री) पांडेय ने कहा कि द केरला स्टोरी वास्तव में छत्तीसगढ़ की भी स्टोरी है, यह देशभर की स्टोरी है।

भाजपा सांसद डॉ. (सुश्री) पांडेय ने कहा कि' द केरला स्टोरी' भारतीय समाज की सभी बेटियों को जागरूक करने, उन्हें लव जिहाद जैसी साजिशों से सावधान करने और उन्हें आतंकवाद का टूल्स बना देने की साजिश के विरुद्ध भी जागरूक करेगी। सुश्री पांडेय ने छत्तीसगढ़ में



इस फिल्म को प्रतिबंधित करने की चल रही चर्चाओं को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इन चर्चाओं से स्पष्ट है कि कांग्रेस सामाजिक सद्भावना को नष्ट करने वाली आतंकी प्रवृत्ति के साथ खड़ी नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि 'द केरला स्टोरी' आतंकवादियों की छद्म नीतियों की साजिशों का पर्दाफश करने वाली फिल्म है।

भाजपा सांसद डॉ. (सुश्री) पांडेय ने कहा कि देश की कांग्रेस सरकार यदि वास्तव में छत्तीसगढ़ की बेटियों की भला चाह रही है तो 'द केरला स्टोरी' को छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित नहीं, बल्कि टैक्स फ्री करने की घोषणा करे।

डॉ. (सुश्री) पांडेय ने सवाल किया कि जब-जब आतंकवाद के खिलाफ समाज को जागरुक करने की कोशिश होती है, आतंकी साजिश को बेनकाब कर आतंकियों पर कार्रवाई की जाती है, तब-तब कांग्रेस के पेट में मरोड़ क्यों होने लगता है? आखिर क्यों कांग्रेस वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति में आतंकियों के सामने हर बार घुटने पर आ जाती है?

## जूनियर मिस इंडिया कॉम्पिटिशन में भिलाई की आदिति को मिला मिस ब्यूटीफुल स्माइल का खिताब

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। माई सिटी इवेंट के तत्वावधान में जूनियर मिस इंडिया का ग्रैंड फिनाले नेशके सेंटर, गोरेगांव, मुंबई में हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई की आदिति पिल्लई ने 13 से 15 वर्ष आयु में दो खिताब को अपने नाम किया।**

अदिति ने टैलेंट राउंड के दौरान मिस ब्यूटीफुल स्माइल तथा डांसिंग दिवा के खिताब में जीत हासिल की है। ग्रैंड फिनाले में 12 राज्यों से लगभग 115 प्रतिभागी फाइनल राउंड में पहुंचे थे। जज नेहा धूपिया, शोभा गौरी एवं श्रेया सिंह थी। आदित्य पिल्लई कक्षा दसवीं डीपीएस भिलाई की छात्रा है।



परिणय सूत्र में बंधे 108 निः शक्तजन जोड़े

## वर-वधूओं को जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद, आस्था संस्था ने दिए उपहार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** आस्था बहुद्देशीय कल्याण संस्था के तत्वाधान में आनंद रिसोर्ट में अखिल भारतीय स्तर पर सामूहिक निशक्त विवाह समारोह का आयोजन संरक्षक रामफल शर्मा व सुरेंद्र शर्मा के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में अध्यक्ष प्रकाश गेडाम,वित्त विभाग संयोजक मनोज ठाकरे,अजय शर्मा एल्डरमैन रत्ना नारमदेव, सविता शर्मा,राजेंद्र सुंनगरिया के नेतृत्व में किया गया।

जिसमें 112 दिव्यांग वर वधु परिणय सूत्र में बंधे। उक्ताशय की जानकारी आयोजन के विवाह संयोजक मनोज ठाकरे ने देते हुए बताया कि आस्था संस्था द्वारा



विगत 17 वर्षों से निर्धन दिव्यांग वर वधु का सामूहिक विवाह संस्था द्वारा किया जा रहा है। विवाह समारोह में सर्वप्रथम गायत्री परिवार के आचार्यों ने भारतीय संस्कृति परंपरा के अनुसार लगभग ढाई घंटे तक गायत्री मंत्र उच्चारण के माध्यम से हवन-पूजन, फेरे लगाकर और वधू पक्ष के माता-पिता ने कन्यादान कर इस आदर्श सामूहिक विवाह को संपन्न कराया। जिसके उपरांत सभी वर-वधु को घरेलू उपयोगी सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। विशेष रुप से डॉक्टर नेहा गुप्ता राजनांदगांव द्वारा आवश्यक कपड़े एवं दो जोड़ों को मोबाइल एवं चांदी के गहने उपहार के रूप में भेंट किए। वर-वधू को आशीर्वाद देने सांसद विजय बघेल ,विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल,सभापति राजेश यादव, जिला भाजपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, कांग्रेस नेता राजेंद्र साहू, भिलाई भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र सिंह, कथावाचक विश्व हिंदू परिषद के धर्माचार्य कान्हा जी महाराज, डॉक्टर नेहा गुप्ता, समाजसेवी हितेश तिवारी,राजेंद्र पाध्ये, सुरेंद्र कौशिक, सुश्री नीता चौरसिया, समाजसेवी राजेंद्र खुराना ,अरुण शर्मा,जितेंद्र हंसवाणी, डॉक्टर शशिकांत दुबे ,निर्मला गुप्ता,कन्हैया राव विवाह समारोह में शामिल हुए।

उन्होने आयोजन की प्रशंसा कर वर-वधू को बधाई दी। नवविवाहित निशक्तजन जोड़ों को अखिल भारतीय निर्धन दिव्यांग सामूहिक आदर्श विवाह समारोह का विवाह प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर दिव्यांगजन,उनके माता-पिता व मित्र बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# अलविदा तनाव मुक्ति शिविर : तनाव मुक्ति के लिए अध्यात्म स्थाई सहारा-पूनम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा तनाव मुक्ति के लिए 7 मई से पुरानी गंजमंडी गंजपारा में अलविदा तनाव शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में इंदौर से पधारी तनाव मुक्ति विशेषज्ञ ब्रम्हाकुमारी पूनम बहन (सीएस) तनाव मुक्ति के लिए टिप्स देकर लोगों के जीवन को खुशहाल बनाएंगी। यह नव दिवसीय शिविर 15 मई तक चलेगा। जिसका प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात साढ़े 8 बजे तक लोग नि:शुल्क लाभ ले सकते है।**

शिविर में हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना के चलते प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजऋषि भवन केलाबाड़ी की ब्रम्हाकुमारी बहनें व भ्राता तैयारियों में जुटे हुए है।तनाव मुक्ति के लिए अलविदा तनाव शिविर के माध्यम से पिछले 25 वर्षो से लोगों का मार्गदर्शन कर रही ब्रम्हाकुमारी पूनम बहन ने शनिवार को मीडिया से चर्चा में कहा कि वर्तमान परिवेश





में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी वजह से परेशान है। जो तनाव का कारण बना हुआ है। तनाव का समाधान केवल अध्यात्म में ही है। जीवन की यात्रा को आनंदमय बनाने का नाम ही अलविदा तनाव शिविर है। उन्होने कहा कि तनाव मुक्ति के लिए लोग औषधि या अन्य किसी साधन का सहारा लेते है, लेकिन इसका कोई लाभ नहीं मिलता है। तनाव मुक्ति के लिए अध्यात्म ही स्थाई सहारा है। जिसका सांईटिफिक प्रुफ है। उन्होने बताया कि नव दिवसीय शिविर में चिंता रहित जीवन शैली, खुशियों से मुलाकात, स्वयं को समझे, गहन ईश्वरीय अनुभूति, सुखी जीवन का रहस्य, मेडिटेशन से समस्याओं का समाधान, आलौकिक, वर्ल्ड ड्रामा का रहस्य, परमात्मा के महावाक्य मुरली के विषय पर चर्चा की जाएगी। शिविर को रोचक बनाने प्रत्येक दिन को अलग-अलग उत्सव का रुप दिया गया है।ब्रम्हाकुमारी पूनम बहन ने कहा कि मन कमजोर होगा, तो छोटी-छोटी बातें भी बड़ी हो जाती है। व्यक्ति तनाव से घिर जाता है। आपसी रिश्ते बिगड़ जाते है। शिविर के माध्यम से लोगों की जीवन को नई दिशा मिलेगी। आपसी रिश्ते में सुधार आएँगे। लोगों को तनाव से मुक्ति मिलेगी। ब्रम्हाकुमारी पूनम बहन ने कहा कि अनियमित दिनचर्या भी तनाव के बढ़ने का कारण है। लोग अपनी प्राचीन संस्कृति को भूल गए है। खानपान में परहेज नही है। सोने-उठने के समय का पालन नही हो रहा है। लोगों की सोच बदल गई है। नाकारात्मक सोच हावी हो गई है। तनाव को दूर करने में साकारात्मक सोच की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए हमेशा सकारात्मक सोच रखें और दिनचर्या को नियमित बनाकर खुशहाल रहे। मीडिया से चर्चा के दौरान प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दुर्ग की संचालिका ब्रम्हाकुमारी रीटा बहन, चैतन्य प्रभा बहन, रुपाली बहन, भ्राता युवराज उमरे भी मौजूद थे।

## खूबसूरत कलाकृति से शहर की दीवारों को मिली नई जिंदगी, शहरवासियों को कर रही है आकर्षित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर निगम सीमाक्षेत्र अंतर्गत सौंदर्यीकरण अभियान के हिस्से के रूप में और स्वच्छ भारत मिशन में योगदान देने के लिए शहर के दीवारों को विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों और स्थलों की तस्वीरों के साथ चित्रित किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारी के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शासकीय भवनों एवं सांस्कृतिक भवनों के बाउंड्री वॉल में सुंदर कलाकृति बनाई जा रही है।**

आयुक्त के निर्देश पर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता के लिए वॉल पेंटिंग कराई जा रही है। शहर क्षेत्र 60 वार्डो में लगभग 90प्रतिशत स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता के लिए वॉल पेंटिंग का कार्य किया जा चुका है। कंडरा भवन, अमर हाईट्स, पुलिस लाईन बाऊंड्रीवाल, गंजमंडी के पीछे पानी टंकी के पास अमृत गार्डन महावीर



गार्डन शास्त्री चौक, कसारीडीह साई मंदिर के पास केलाबाड़ी रानी लक्ष्मी बाई मूर्ति, आजाद चौक के पास गार्डन, आर्दशनगर, गार्डन, अम्बेडकर भवन, पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम, ठगड़ा बांध, बीआईटी कॉलेज, ठगड़ा बांध, सांई मंगलम गार्डन, शिशु गार्डन, प्रगति मैदान चौक, गणपति विहार, अमृत गार्डन, द्वारिकापुरी गार्डन, ऋषभ ग्रीन सिटी, शितला मंदिर परिसर बांधा तालाब पार, शिव मंदिर उरला फाटक के पहले, कबीर आश्रम, गार्डन, अमृत गार्डन में वॉल पेंटिंग की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों एवं अधिक आवागमन वाले स्थलों, मुख्य सड़कों के किनारे व शौचालय की दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिए जा रहे है। दीवारों पर रंग रोगन के साथ ही सुंदर चित्र बनाकर स्वच्छता का महत्व बताते नागरिको को जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता महाअभियान के तहत रहवासी क्षेत्रों की सड़क,नालियों की नियमित सफाई करने के साथ ही शहर में झिल्ली, पन्नी के कचरे को भी हटाया जा रहा है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने भी स्वच्छ भारत अभियान के तहत आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों, मुख्य उद्यानों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख सड़कों के किनारे व चौक चौराहों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950